रोहतक
मंगलवार, 20 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 109
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.8
न्यून. 25.3

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,059.42 | 271.17 ▼ |
| निफ्टी | 24,945.45 | 74.35 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 97,030 /- | 580/- ▲ |
| चांदी | 98,500/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.40 | 17 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 65.14/ बैरल | 0.41% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## हरियाणा-पंजाब में जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश, अब तक 12 गिरफ्तार

तावडू पुलिस ने पाक उच्चायोग के 2 कर्मियों व तारीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

# नूंह से पाक के लिए जासूसी के आरोप में अब झोलाझाप डॉक्टर तारीफ गिरफ्तार

### दो दिन में दूसरी गिरफ्तारी से हड़कंप, पाक उच्चायोग के कर्मी को सिम कार्ड दिया, पाक की यात्रा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/नूंह/हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में नूंह से अब एक 'झोलाझाप' डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पाक जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तावडू क्षेत्र के गांव कांगरका में छापा मारा और मोहम्मद तारीफ को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की गिरफ्तारी के बाद की गई है। तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को भेजता था। नूंह पुलिस ने बीएनएस, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत मोहम्मद तारीफ निवासी कांगरका, पाक उच्च आयोग में तैनात आसिफ बलोच व जाफर के विरुद्ध केस दर्ज किया है। आरोपित तारीफ का जांच एजेंसियों के सामने कबूलनामे का वीडियो भी सामने आया है। क्षेत्र दो दिन में दो बड़ी गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मच गया है। बता दें कि पंजाब और हरियाणा से अब तक पाक के लिए जासूसी के आरोप में 12 लोगों को पकड़ा गया है।

**तारीफ पर ये आरोप**

तारीफ पर सैन्य गतिविधियों की खुफिया जानकारी पाकिस्तान को लीक करने का आरोप है। उसने पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारी को सिम कार्ड देने और पाक जाने की बात कबूल की है। उसके फोन में पाक नंबरों से हुई चैट, फोटो, वीडियो और सैन्य गतिविधियों से संबंधित तस्वीरें मौजूद थीं, जिन्हें उसने पाकिस्तान के एक फोन नंबर पर भेजा था। वह दो अलग-अलग सिम कार्ड के जरिए लगातार पाकिस्तानी नंबरों के संपर्क में था।



- आरोपित मोहम्मद तारीफ कंगारका गांव का रहने वाला, खुफिया जानकारी पाकिस्तान को लीक करने के आरोप
- तारीफ बोला, पाक दूतावास से चलता है नेटवर्क, मोबाइल सिम से शुरुआत

**कुछ डाटा भी डिलीट किया**

चंडीगढ़ विशेष पुलिस बल, केंद्रीय जांच एजेंसियों, तावडू सीआईए और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे हिरासत में लिया। तारीफ ने पुलिस टीम को सामने देख मोबाइल में कुछ चैटिंग को डिलीट कर दी। मोबाइल में पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबर से कुछ डाटा भी डिलीट मिला। पूछताछ में उसने कबूला कि वह पाक उच्चायोग दिल्ली में स्थित कर्मचारी आसिफ बलोच को खुफिया सूचनाएं भेजता था। बदले में उसे रुपये मिलते थे। बलोच का तबादला होने के बाद वह जाफर के संपर्क में आया और उसे भी सूचनाएं भेजी। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर 7 दिन के रिमांड पर लिया है।

## हड्डी रोग के हकीम डॉ. ताज पर देशद्रोह का केस



**फतेहाबाद।** पाकिस्तान का समर्थन और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले हड्डी रोग के हकीम मुश्ताक अहमद उर्फ डॉ. ताज मोहम्मद के खिलाफ सोमवार को बीएनएस की धारा 152बी (देशद्रोह) भी जोड़ दी गई यानी अब उसके खिलाफ देशद्रोह का केस भी चलेगा। सोमवार को डॉक्टर की जमानत याचिका पर फतेहाबाद में जूनियर डिवीजन के सिविल जज जोगेंद्र जांगड़ा ने सुनवाई की। जज ने मंगलवार को डॉक्टर को उसे सीजेएम कोर्ट में पेश के निर्देश दिए। जहां से उसके रिमांड की मांग की जाएगी। बता दें कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद डॉ. ताज मोहम्मद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर 3 वीडियो डाली थीं, जिसमें पीएम मोदी को बड़ी गलती करने और पाकिस्तान की जीत को दिखाया गया।

## ज्योति को साथ ले गई एनआईए टेरर कनेक्शन पर होगी पूछताछ



**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जांच और तेज हो गई है। हिसार पुलिस के 5 दिन के रिमांड पर चल रही ज्योति की रिमांड अवधि समाप्त होने से पूर्व ही एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया। पहले टीम ने ज्योति से पूछताछ की। इसके बाद उसे अपने साथ चंडीगढ़ ले गई, जहां उसके टेरर कनेक्शन के बारे पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा, जम्मू इंटेलीजेंस भी उससे पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि ज्योति व उसके परिजनों पर भी नजर रखी जा रही है। रविवार रात को ज्योति के घर पहुंची पुलिस ने कुछ दस्तावेज बरामद किए थे। इससे पहले ज्योति का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन कर दिया था, जिसके 1.39 लाख फॉलोअर्स थे। ज्योति से पूछताछ में सामने आया है कि ज्योति पहलगाम हमले से पहले कश्मीर गई थी। वह पहलगाम, गुलमर्ग, डल लेक, लद्दाख की पैंगॉन्ग लेक तक गई थी। पैंगॉन्ग चीन से लगी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल से सटा है। उसने अपने यूट्यूब चैनल पर इन जगहों के वीडियो शेयर किए हैं।



**रोहतक के यूट्यूबर नवांकुर भी रडार पर**

रोहतक के यूट्यूबर नवांकुर धनखड़ भी पाक जा चुके हैं। वे यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ सेल्फी को लेकर रडार पर हैं। नवांकुर डॉक्टर 'यात्री' के नाम से यूट्यूब चलाते हैं। वे पिछले साल मार्च में पाक दूतावास की नेशनल डे पार्टी में शामिल हुए थे। ज्योति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नवांकुर के साथ सेल्फी पोस्ट की थी।

## कैथल के गांव बरटा में छेड़छाड़ को लेकर दो किशोरों की हत्या

- पिता की शिकायत पर नौ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज
- लोहे की पाइप बाइक की चेन व मोबाइल मिला
- तेजधार हथियार से गला काटकर की गई दोनों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव बरटा में प्रेम प्रसंग के कारण दो किशोरों की हत्या कर दी गई। दोनों के शव गांव के बाहर धनौरी ड्रेन के पास खून से लथपथ मिले। मृतकों की पहचान गांव बरटा के प्रिंस(15) और अरमान (15) के रूप में हुई है। दोनों मृतक दोस्त थे और रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते थे। दोहरे हत्याकांड की की सूचना पाकर डीएसपी बीरभान और एसपी आस्था मोदी भी सुबह ही घटना स्थल पर पहुंची। इस मामले में प्रेम प्रसंग की आशंका के चलते हत्या करने की बात सामने आई। ऐसे में एक मृतक के पिता की शिकायत पर सदर थाना कैथल की पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।



मृतकों की फाइल फोटो

**रविवार शाम को निकले थे घूमने**

परिजनों के अनुसार प्रिंस व अरमान रविवार शाम 6 बजे घूमने गए थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह करीब 6 ड्रेन के पास झाड़ियों में दोनों के शव मिले। प्रिंस के सिर के पीछे, दाहिने कान और बाएं हाथ की कलाई पर तेज धारदार हथियार के निशान थे, जबकि अरमान के सिर के पीछे बाईं तरफ और मुंह-आंखों पर भी गहरे घाव थे। मौके पर काफी खून बिखरा पड़ा था। शवों से कुछ दूरी पर एक लोहे की पाइप, मोटरसाइकिल की चेन, एक काले व लाल रंग का मोबाइल और चप्पलें बरामद हुई हैं।

**पिता ने यह दी शिकायत :** प्रिंस के पिता रोहताश ने पुलिस को दी गई शिकायत में गांव के ही कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले कृष और अरमान उर्फ मानी उनके घर आए थे। उन्होंने प्रिंस और अरमान पर उनकी दो बहनों के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया था और अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। रोहताश ने कहा कि उनके गांव के कृष, अरमान, अनिरुध उर्फ कालू, अंकुश, सलिंद्र, अनसुमन, विकास, राहुल और हिमांशु ने मिलकर दोनों की तेजधार हथियारों से हत्या की है। थाना सदर प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि हम एंगल से जांच कर रहे हैं।

गर्मी की छुट्टियों का ऐलान

## एक से 30 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

**भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 1 जून से 30 जून तक गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। 30 दिन राज्य के सभी स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि 1 जुलाई (मंगलवार) से स्कूल दोबारा खुलेंगे। सभी जिला और खंड शिक्षा अधिकारी आदेशों की पालना करें। वहीं, गर्मी को देखते हुए फतेहाबाद के स्कूलों का समय बदला गया है। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पहली से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 7 से 12 बजे तक लगेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

**आह्वान** फिल्म नीति के तहत 6 निर्माताओं को दी प्रोत्साहन राशि, किया आग्रह

सैनी बोले, सरकार हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित और फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित कर रही

## हरियाणा को फिल्म निर्माण का हब बनाने में सहयोग दें : सीएम

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन देने और राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से लागू की गई हरियाणा फिल्म नीति के तहत सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 6 फिल्मों के निर्माताओं को सब्सिडी जारी की। मुख्यमंत्री ने प्रोत्साहन राशि वितरण समारोह में गवर्निंग काउंसिल द्वारा चयनित फिल्मों को 2-2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इनमें 'छलांग', 'तेरा क्या होगा लवली', 'तेरी मेरी गल बन गई' और 'फुफड़ जी' फिल्म शामिल हैं। इसके अलावा, 'दादा लखमी चंद' को 1 करोड़ रुपये और '1600 मीटर' को 50 लाख 70 हजार रुपये की सब्सिडी दी गई। प्रसिद्ध अभिनेत्री मीता



वशिष्ठ, अभिनेता यशपाल शर्मा, सरदार एमी विर्क, नुसरत भरूचा, प्रिति सपरू, सुमित्रा हुड्डा और ऊषा शर्मा सहित अनेक कलाकार और फिल्म निर्माता व फिल्म जगत से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**पहचान बना रहा हरियाणा**

सैनी ने कहा कि हरियाणा में काफी फिल्में बनीं हैं और उनको लोगों ने सराहा है। इसलिए हमने पहली बार स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ फिल्म नीति लागू की है। सरकार का उद्देश्य है कि हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित किया जाए और फिल्म निर्माण के माध्यम से इसे प्रोत्साहन दिया जाए। इस नीति में 'सिंगल विंडो' शूटिंग अनुमति एवं सब्सिडी प्रोत्साहन से हरियाणा अन्य क्षेत्रों की तरह सिनेमा के क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है। सरकार का प्रयास हरियाणा को भारत का अगला फिल्म हब बनाना है। उन्होंने फिल्म निर्माताओं से आग्रह किया कि वे हरियाणा को फिल्म निर्माण का हब बनाने में सहयोग करें। सैनी ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में दो चरणों में फिल्म सिटी की स्थापना का निर्णय लिया है। पहले चरण में पंचकूला के पिंजौर में 100 एकड़ भूमि पर और दूसरे चरण में गुरुग्रा में फिल्म सिटी बनेगी।






राखीगढ़ी को सीएम सैनी ने दी सौगात

## 20 करोड़ की 3 परियोजनाओं का लोकार्पण, मिलेंगी सुविधाएं

हरिभूम न्यूज ▶▶| नारनौंद

सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को सिन्धु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में स्थापित संग्रहालय एवं व्याख्यान केंद्र में 20 करोड़ की लागत वाली 3 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें विश्रामगृह, छात्रावास तथा कैफेटेरिया शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने आइकोनिक स्थल राखीगढ़ी पर तैयार की गई पुस्तिका का भी

**राखीगढ़ी के लोगों को मिलेंगी सुविधाएं, होगी विकास सिन्धु घाटी सभ्यता का ऐतिहासिक स्थल है राखीगढ़ी**

विमोचन किया। सीएम ने कहा कि विश्राम गृह, कैफेटरिया व हॉस्टल बनने से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, विद्यार्थियों को शानदार सुविधाएं मिलेंगी। 17 कमरों वाला रेस्ट हाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। हॉस्टल में विद्यार्थियों के ठहरने के लिए 13 डोरमेट्री बनाई गई हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



## खबर संक्षेप

### एनआईटी में पेजयल किल्लत नहीं होगी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने एनआईटी क्षेत्र फरीदाबाद की मुख्य समस्याओं का तेजी से निपटान किया है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2026 तक एनआईटी क्षेत्र पेयजल समस्या मुक्त होगा।कृष्ण पाल गुर्जर सोमवार को फरीदाबाद के नंगला पार्ट-1 में आनंद ज्योति आश्रम व छत्तर सिंह वाला तक आरएमसी रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास कर रहे थे। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि एनआईटी के हर घर में पीने के पानी के लिए स्वच्छ जल यमुना से आएगा जिसके लिए मंजूरी मिल गयी है जिससे भविष्य में कभी लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा।

### अंबाला एयरपोर्ट के काम में आई तेजी : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में अंबाला छावनी में चहुंमुखी विकास कार्यों को करवाया जा रहा है और इसी कडी में अंबाला में विकास की गति को तेजी देने के लिए डोमेस्टिक एयरपोर्ट की स्थापना की जा रही है। इस एयरपोर्ट के सुचारू संचालन में तैनात किए जाने वाले स्टाफ के अंतर्गत आज सहायक प्रबंधक (आपरेशन) के पद पर मोहित आंनद ने अपनी डयूटी ज्वाइन कर ली है। जल्द ही अन्य स्टाफ भी अपनी-अपनी डयूटी ज्वाईन करने वाला है।

### सतपाल इनेलो के झज्जर जिला अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो पार्टी ने गुरुग्राम जोन के 31 हलका अध्यक्ष और झज्जर का जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की। सतपाल पहलवान को झज्जर का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। हलका अध्यक्षों की सूची में रमेश शिलानी को बादली, बलराज खरड़ को बेरी, राजेंद्र उर्फ़ पप्पू कानोदा को बहादुरगढ़, निदेश कुमार को रोहतक, जयसिंह शिमली को कलानोर, वेदप्रकाश को महम, सतीश नांदल को किलोई, वरुण गांधी को रेवाड़ी, सुमेर सरपंच को बावल सहित अन्य को नियुक्त किया गया है।

### बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

चंडीगढ़। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में झारखंड के फ्रंटलाइन चुनाव पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 402 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें डीईओ, ईआरओ, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हैं।

#### मुख्यमंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने राखीगढ़ी के विकास को लेकर ली बैठक

# पुरातात्विक साइट पर शेड बनाने के निर्देश, पूरा साल चलेगा उत्खनन

■ प्रदेश के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा व पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीएम नायब सैनी व केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राखीगढ़ी के विकास को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राखीगढ़ी संग्रहालय एवं व्याख्यान केंद्र का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए। पुरातात्विक साइटों पर शेड का निर्माण करवाया जाएं ताकि उत्खनन कार्य साल के 12 महीने निरंतर चल सके। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए म्यूजियम को पुरातात्विक साइटों के साथ जोड़ा जाए और लाइटिंग, पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राखीगढ़ी में 1960 के बाद विभिन्न चरणों में हुई खुदाई के दौरान जो अवशेष मिले हैं, उनसे प्रामाणिक रूप से सिद्ध हो जाता है कि लगभग 8000 वर्ष पूर्व यहां मानव सभ्यता विकसित रूप में निवास कर रही थी। यहां खुदाई में मिले सभ्यता और सभ्यता के विकास के पुख्ता प्रमाण बताते हैं कि पूरे विश्व में भारत की सभ्यता सबसे प्राचीन है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने राखीगढ़ी को प्रमुख पर्यटन केंद्र और पुरातात्विक अध्ययन एवं इतिहासकारों के शोध के लिए विकसित करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। इसे विभिन्न चरणों में पूरा किया जाना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने यहां पर जो भी कार्य किया है उसकी योजना और गुणवत्ता बेहद उत्तम है। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी व अग्रोहा के विकास को लेकर ऐसे प्रयास है कि यह क्लस्टर के रूप में विकसित हो। आर्कियोलॉजी ऑफ़ इंडिया भी तेजी से इस दिशा में काम कर रही है। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी के पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए टाइम बाउंडेशन के तहत रणनीति अपनाई जा रही है। और अगले दो वर्षों में राखीगढ़ी एक पर्यटक हब के रूप में होगा ताकि यहां देश-विदेश के पर्यटक आ सके। प्रदेश के पर्यटक मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि राखीगढ़ी साइट की आज रिव्यू मीटिंग ली है इसमें काफी बातों पर चर्चा हुई है और इस पर इसमें जो कार्य चल रहे हैं उनका टाइम बाउंड किया गया है ताकि म्यूजियम का काम जल्दी से जल्दी पूरा हो सके ताकि पर्यटक ज्यादा से ज्यादा राखीगढ़ी का दौरा कर सके। उन्होंने कहा कि निर्माण पर जो भी खर्च आ रहा है। हरियाणा व केंद्र सरकार जरूरत के अनुसार पैसा यहां दे रही है और जल्द से जल्द निर्माण का कार्य पूरा होगा।

■ राखीगढ़ी म्यूजियम को पुरातात्विक साइटों के साथ जोड़ने, लाइटिंग और पार्किंग की व्यवस्था के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश



नारनौंद। राखी गढ़ी का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री।



नारनौंद। ग्रामीणों की शिकायत सुनते मुख्यमंत्री व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार : कैप्टन अभिमन्यु

पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमारा सपना था की राखीगढ़ी का जो म्यूजियम का काम है वह जल्द से जल्द पूरा हो और यहां पर देश-विदेश से जो भी सैलानी है, विद्वान है, यहां पहुंचे और यहां आकर के देखे कि यहां पर कैसे मानवता की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा कि जब राखी गढ़ी का विकास होगा तो उसके साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने देखी राखीगढ़ी की साइट

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को अपनी पूरी टीम लेकर यहां साइट पर पहुंचे और यहां पहुंच कर सभी साइटों का अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि अब जो संग्रहालय का काम बाकी है वह जल्द पूरा होगा और जो साइट है उनको कवर्ड करने का काम भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सत्र का अध्ययन केंद्र भी यहां पर बने। आज एक नई शुरुआत हुई है। मैं उम्मीद करता हूं कि काम तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर हांसी विधायक विनोद भ्याणा, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, विरासत एवं पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, पुरातत्व विभाग के निदेशक अमित खत्री, मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग, उपायुक्त अनीश यादव, हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, नगर निगम आयुक्त नीरज, डीएसपी रविंद्र सांगवान, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा सहित अन्य मौजूद रहे।

### सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पा रही सरकार, हाईकोर्ट में फिर खुली पोल : हुड्डा

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि एक बार फिर हाई कोर्ट के सामने भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। भर्तियां या सीईटी करवाना तो दूर, इतने साल बाद भी सरकार सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पाई।



बाकायदा हाई कोर्ट ने नियम तय करने के आदेश दिए हैं। ऐसा ना कर पाने पर कोर्ट ने मुख्यमंत्री या आयोग के अध्यक्ष को पेश होने के सख्त निर्देश दिए हैं। हुड्डा ने कहा कि तीसरी बार सत्ता हथियाने के बाद भाजपा सरकार ने फिर से बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ शुरू कर दिया है। इतने महीने बाद भी अब तक ग्रुप सी और डी पदों की भर्ती के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। जिससे प्रदेश के युवा परेशान है।

### जनता की बुनियादी समस्याओं से मुंह मोड़ रही भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़ ।** सांसद सैलजा ने सिरसा लोकसभा क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर केवल भाषणबाजी और जुमलेबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। सैलजा ने कहा कि सिरसा शहर की कई कलोनियों में बीते बीस दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई है। सड़को पर गंदा पानी भरा हुआ है और लगभग बीस हजार नागरिक गंदगी, बदबू और बीमारियों के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिरसा नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीनें खराब पड़ी हैं, जिससे रोजाना सैकड़ों मरीजों बाहर इलाज करवा रहे है।



### प्राकृतिक खेती आज के समय की जरूरत हरियाणा ने इस दिशा में की पहल : राणा

■ कृषि मंत्री राणा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ की बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज समय की जरूरत बन गई है और हरियाणा में इस दिशा में पहल की है। किसानों का इस ओर रुझान बढ़ा है। इस खेती से न सिर्फ पर्यावरण दूषित होने से बचेगा, बल्कि जमीन की उर्वरा शक्ति भी कायम रहेगी और मानव जीवन के लिए उत्तम आहार की भी व्यवस्था होगी। राणा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ नई दिल्ली के कृषि भवन से वर्चुअल माध्यम से किए संवाद के दौरान अपना सुझाव दे रहे थे।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने किसान सम्मान निधि से किसानों को फसलों की बुआई से पहले कृषि आदानों (खाद-बीज) की खरीद के लिए 2000-2000 रुपये की साल में तीन किश्त देने के शुरुआत के बाद अब एक और कदम उठाते हुए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत करने की घोषणा की है। यह अभियान देश भर में 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस अभियान में हरियाणा में कृषि विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग शामिल हैं।

### अग्रवाल छुट्टी पर, दो आईएएस को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**चंडीगढ़।** हरियाणा 1994 बैच के आईएएस अनुराग अग्रवाल अवकाश पर चले गए हैं, एक माह की छुट्टी के दौरान उनके दोनों विभागों की जिम्मेदारी दूसरे अफसरों को सौंप दी गई है।सरकार ने दो वरिष्ठ आईएएस को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। उनके पास दो महत्वपूर्ण विभाग पीडब्ल्यूडी और सिंचाई है। ऐसे में सरकार ने उनके विभागों को वरिष्ठ आईएएस को सौंपा है। सिंचाई विभाग और जल संसाधन की अतिरिक्त जिम्मेदारी 2002 बैच आईएएस मोहम्मद शाईन के पास रहेगी। शाईन के पास पहले से ही हाउसिंग फार ऑल और पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी है। पीडब्ल्यूडी और वस्तुकला की जिम्मेदारी 1995 बैच आईएएस विजेंद्र कुमार के पास रहेगी। विजेंद्र कुमार के पास युवा और सशक्तिकरण उद्यमिता, सैनिक और अर्द्धसैनिक कल्याण, आय वृद्धि बोर्ड की जिम्मेदारी है।

### भिवानी में सरसों व सिरसा में सबसे ज्यादा गेहूं की खरीद

**चंडीगढ़।** रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान हरियाणा के 22 जिलों में गेहूं और सरसों की खरीद व उठान का कार्य ज़ोर शोर से संपन्न हुआ है। रबी सीजन की खरीद का कार्य जहां समाप्त हो गया है, वहीं मंडियों में उठान का कार्य चल रहा है। गौरतलब है कि राज्य के भिवानी जिले में सबसे अधिक सरसों की खरीद हुई है और सिरसा जिले में सबसे अधिक गेहूं की खरीद हुई है। हैफेड और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा भिवानी जिले में 236908.98 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिले में 226914.62 मीट्रिक टन सरसों का उठान हुआ है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि भिवानी जिले में 95.78 प्रतिशत सरसों का उठान हुआ। इससे 63542 किसानों के खातों में राशि जमा हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान सिरसा जिले में सबसे अधिक गेहूं की खरीद हुई है। जिले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग, हैफड और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 851132.60 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। जिले में 839938.95 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हुआ है। इस प्रकार जिला सिरसा में कुल 98.68 प्रतिशत गेहूं का उठान हुआ है।

#### मुख्य सचिव ने ली बैठक, बोले- घटाया अनुपालन बोझ, एमएसएमई कलस्टरों का किया विस्तार

# टियर 2 और 3 शहरों में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




सरकार ने शासन को सुव्यवस्थित करने, एमएसएमई विकास को गति देने और कारोबार करने में सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, टियर 2 और टियर 3 शहरों के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई बैठक के दौरान चौथे मुख्य सचिव सम्मेलन के कार्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि हरियाणा ने 14 प्रमुख केंद्रीय और राज्य कानूनों के तहत 446 अप्रचलित अनुपालन अपेक्षाओं को समाप्त किया है। इसके अलावा, 27 छोटे अपराधों को अपराध मुक्त किया गया है। सभी परिवर्तनों को राष्ट्रीय एकीकरण के लिए डीपीआईआईटी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा अपने कानूनी ढांचे को जन विश्वास विधेयक के साथ संरेखित किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक 231 अधिनियमों में अतिरिक्त 50 प्रावधानों को अपराधमुक्त करना है। अब तक, 838 कारोबार-संबंधी और 271 नागरिक-संबंधी अनुपालनों को सरल बनाया गया है।

बुनियादी ढांचे की योजना को एक डिजिटल ढांचे के तहत लाने के उद्देश्य से, हरियाणा ने अनिवार्य किया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की सभी परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से मंजूरी दी जाए। ये परियोजनाएँ अब मुख्यमंत्री द्वारा अंतिम अनुमोदन से पहले नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप, तकनीकी सहायता इकाई और सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह वाली त्रि-स्तरीय जांच प्रक्रिया से गुजरेंगी।

**33 परियोजनाओं को मंजूरी**

बैठक में बताया गया कि अपनी 'कलस्टर प्लग एंड प्ले' स्कीम के माध्यम से, हरियाणा ने 164.54 करोड़ की संयुक्त अनुदान सहायता के साथ 33 औद्योगिक पार्क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त, पद्मा पहल के तहत प्रदेश के सभी 143 खंडों में मिनी-औद्योगिक पार्क स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। तीन पार्क निर्माणाधीन हैं।

### साइबर क्राइम पर नकेल : ठगी आधी, रिकवरी लगभग 5 गुना

**चंडीगढ़।** साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर अप्रैल 2024 से अप्रैल 2025 की अवधि में हरियाणा पुलिस की साइबर शाखा ने बढ़िया प्रदर्शन किया है। साइबर अपराधों की रोकथाम, ठगों की गिरफ्तारी और पीड़ितों को धनवापसी दिलाने संबंधी मामलों में राज्य ने असाधारण सफलता प्राप्त की है। जनवरी से अप्रैल-2024 की तुलना में अप्रैल-2025 में ठगी कुल राशि 71.6 करोड़ से घटकर 35.5 करोड़ रह गई। यह एक महत्वपूर्ण गिरावट है, जो या तो उच्च-मूल्य वाले साइबर फ्रॉड में कमी या फिर समयबद्ध कार्रवाई और रोकथाम की सफलता को दर्शाती है। रिकवरी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जहां अप्रैल-2024 में केवल 19.5 प्रतिशत राशि ही वापस मिल पाई थी, वहीं अप्रैल-2025 में यह दर बढ़कर 38.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है जोकि लगभग दोगुनी है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने उपलब्धियों पर कहा कि हरियाणा का यह प्रदर्शन केवल आंकड़ों की बात नहीं है, यह उस दृष्टिकोण का परिचायक है, जिसमें साइबर अपराध से निपटना मिशन मोड में लिया गया। हमारी टीमों ने समय रहते कार्रवाई की, तकनीक का विवेकपूर्ण प्रयोग किया और आम नागरिकों को जोड़कर साइबर सुरक्षा की एक नई संस्कृति स्थापित की है। आज पुलिसिंग केवल भौतिक उपस्थिति तक सीमित नहीं रह गई है। साइबर डोमेन में रोकथाम और रिकवरी दोनों ही पुलिस की सफलता के नए मापदंड बन चुके हैं। सितंबर 2023 से अप्रैल 2025 तक की अवधि में हरियाणा की साइबर जांच प्रणाली ने उल्लेखनीय प्रगति की। जहां पहले केवल 24 प्रतिशत ठगी गई राशि ही केस में ट्रेस होकर सामने आती थी।



### मुख्यमंत्री ने समालखा में ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत जिले के समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में ऋषिकुलम वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने दैनिक जीवन में योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी, आज वे साकार होते प्रतीत हो रहे हैं। यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारी सनातन परंपराओं और संस्कारों को और प्रगाढ़ कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश को दो चीजों की आवश्यकता है, पहली हमारी सीमाएं सुरक्षित हों और दूसरा हमारा शरीर स्वस्थ हो और यह केंद्र वेलनेस सेंटर के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सतपाल पुत्रः प्यारे लाल, पताः** मकान नं. 119/20, नियर एक्सिस बैंक **FIR No. 127/2020, U/s 33/58/52(2) Delhi Excise Act,** थानाः कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 127/2020, U/s 33/58/52(2) Delhi Excise Act,** थानाः कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सतपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अपूर्व भारद्वाज, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कमरा नं. 113, पहली मंजिल,**
**उत्तर–पश्चिम, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5591/RD/2025**
**(Court Matter)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1390

मनकि रणबीर पुत्र श्रीचन्द पुत्र रतीराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 342/286, खाता न0 353, मु0 न0 83, किला न0 12(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला का 1/4 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला व खेवट न0 344/286, खाता न0 355, मु0 न0 54, किला न0 8(3–18), 9(3–7), 10(1–18), 11(8–0), 12(8–0), 13/1(6–12), किते 6, तादादी रकबा 31 कनाल 15 मरले का 1/4 भाग, बकदर 7 कनाल 18.75 मरले व खेवट न0 841/711मिन, खाता न0 869, मु0 न0 73, किला न0 23(8–0), मु0 न0 78, किला न0 3/1(0–18), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 18 मरले का 1/2 भाग, बकदर 4 कनाल 9 मरले (जिसमें रणबीर पुत्र श्रीचन्द पुत्र रतीराम 1/2 भाग व हिमचन्द्र – मनोज पुत्रान दिलबाग पुत्र श्रीचन्द हर दो समभाग 1/2 भाग में गैर मौरूसियान दर्ज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 14 कनाल 7.75 मरले (1.7984375 एकड़) वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 83, किला न0 12 मिन उत्तर (2–0), मु0 न0 54, किला न0 9 मिन पूर्व (2–8.75), 12 मिन पूर्व (5–10), मु0 न0 73, किला न0 23 मिन उत्तर (4–9), किते 4, तादादी रकबा 14 कनाल 7.75 मरले (1.7984375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।


दिनांक : 19.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न.196 दिनांक 13/05/2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- वंश।
पिता का नाम-नरेन्द्र।
पता- वासी विष्णु नगर गोहाना हाल मिगलानी कोलोनी गोहाना जिला सोनीपत।
उम्र- 12 वर्ष।
कद- 4 इन्च।
हुलियाः रंग गैहुआं, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, पतला फुर्तिला शरीर।
पहनावाः काले रंग का टी-शर्ट व नीले रंग की लोवर पैन्ट पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10/05/2025 को वंश पुत्र नरेन्द्र वासी विष्णु नगर गोहाना हाल मिगलानी कोलोनी गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चला गया हैं जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410544
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-7015192595
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3400/2026/34870/88/6 दि. 19.05.25

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**
**(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)**
**नेल्सन मंडेला मार्ग, वसन्त कुंज, नई दिल्ली-110070**
**फोनः 011-29581000 वेबसाईटः www.aicte-india.org**

**स्वयं प्रकोष्ठ**

**'स्वयं' मंच (प्लेटफॉर्म) के लिए गैर-शैक्षणिक क्रेडिट पाठ्यक्रम (तकनीकी शिक्षा) विकसित करने के लिए एनआईआरएफ समग्र श्रेणी में 100 तक की रैंकिंग वाले संस्थानों/विश्वविद्यालयों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आमंत्रण**

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल पहल के अंतर्गत बड़े पैमाने पर मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (ओपन ऑनलाइन कोर्स) (मूक्स) संचालित करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी आधारित अधिगम मंच (लर्निंग प्लेटफॉर्म) 'स्वयं' आरम्भ किया गया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) को नए 'स्वयं' दिशानिर्देश-2024'' के अनुसार 'स्वयं' मंच के लिए गैर-शैक्षणिक क्रेडिट पाठ्यक्रम (तकनीकी शिक्षा) विकसित करने के लिए आभासी समन्वयक (वर्चुअल कोर्डिनेटर) (वीसी) के रूप में नामित किया गया है। तदनुसार, अभातशिप उभरती हुई नवीन प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में गैर-शैक्षणिक क्रेडिट पाठ्यक्रम (तकनीकी शिक्षा) विकसित करने के लिए एनआईआरएफ समग्र श्रेणी में 100 तक की रैंकिंग वाले संस्थानों/विश्वविद्यालयों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 जून, 2025 है। कृपया प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी के लिए www.aicte-india.org देखें।

**विज्ञापन संख्याः पी. एंड ए.पी. ब्यूरो / अभातशिप/05(01)/2025**

**सदस्य सचिव**
**अभातशिप**

CBC 21300/12/0004/2526

## खबर संक्षेप

### एमएससी भूगोल में दाखिले 12 जून तक

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके भूगोल विभाग द्वारा संचालित कोर्सेस एमएससी भूगोल तथा इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)- एमएससी भूगोल में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार बिश्नोई ने बताया कि भूगोल विभाग द्वारा संचालित इन कोर्सेज में अपार संभावनाएं हैं।

### इग्नू की परीक्षाएं 12 जून से होंगी शुरू

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय की परीक्षाएं प्रशासनिक कारणों की वजह से 2 जून की बजाय 12 जून से संचालित की जाएगी और 19 जुलाई तक चलेंगी। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर और मास्टर पाठ्यक्रमों में री-रजिस्ट्रेशन आरम्भ कर दिए है, जिन विद्यार्थियों ने इग्नू के पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है, उनके लिए 30 जून तक री-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है।

राजस्थान से आ रही हवाओं ने बिगाड़े हालात, चल सकती है धूल भरी आंधी

# प्रदेश में भीषण गर्मी, पारे ने 46 डिग्री के रिकार्ड आंकड़े को छुआ

■ मौसम विभाग ने सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी के जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सोमवार को लगातार दूसरे दिन राजस्थान से आने वाली हवाओं ने हालात ज्यादा खराब कर दिए हैं। प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण पारा ने 46 डिग्री के रिकार्ड आंकड़े को छू लिया है। संभावना है कि आज या कल से धूल भरी आंधी भी चल सकती है। हीट वेव को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी आदि जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हीट वेव से बचने के लिए फतेहाबाद जिला प्रशासन द्वारा भी सोमवार को एडवाइजरी जारी कर लोगों विशेष सावधानियां बरतने की अपील की गई है। दूसरी ओर, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्राइमरी स्कूलों के समय में बदलाव की मांग को भी उठाया है। बता दें कि रविवार को भी यहां का तापमान सबसे ज्यादा था। दिनभर लू के थपेड़ों से लोग जूझते रहे। सोमवार को वर्किंग डे होने के बावजूद लोग घरों में बंद रहे। बाजारों में सुनापन छाया रहा। स्कूली बच्चे दोपहर को भीषण गर्मी में निढ़ाल-से हुए घर वापस लौटे।



**फतेहाबाद।** भीषण गर्मी के चलते सुनसान पड़ा जीटी रोड। फोटो : हरिभूमि

### स्कूलों का समय बदलने की मांग

भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और तापमान 45 डिग्री को पार कर गया है। बच्चों में उलटी, दस्त, हैजे व दिमागी बुखार की शिकायतें मिल रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्राथमिक विद्यालयों का समय बदलकर प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है। इसको लेकर संघ द्वारा डीसी को ज्ञापन भी सौंपा गया है। **-देवेन्द्र दहिया**, राज्य चेयरमैन, प्राथमिक शिक्षक संघ

### सावधानियां बरतने की अपील

गर्म हवाओं और बढ़ते तापमान को देखते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने जिलावासियों को हीट वेव से सुरक्षित रहने के लिए विशेष सावधानियां बरतने की अपील की है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में एक विशेष एडवाइजरी भी जारी की गई है, जिसमें आमजन को स्वास्थ्य संबंधी एहतियात बरतने और जल संरक्षण को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि हीट वेव के प्रभाव से बचने के लिए नागरिकों को दोपहर के समय घर से अनावश्यक बाहर निकलने से बचना चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की चेतावनी

गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अलर्ट जारी किया है। लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के व सूती कपड़े पहनने और बच्चों तथा बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। लू से बचाव के लिए ओआरएस, नींबू पानी और मौसमी फल के सेवन की भी सिफारिश की गई।

*लापता बेटे ने गुगल से तलाशा परिवार, अन्य परिवार ने किया सालों पोषण*

# लापता बेटा 29 साल बाद लौटा घर, मां की आंखों से निकला आंसुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** परिवार के साथ संजय। फोटो : हरिभूमि

9 साल की उम्र में 29 साल पहले लापता हुआ इकलौता बेटा अचानक घर लौट आया। बेटे को देखकर मां की आंखों से आंसुओं का सैलाब निकल पड़ा। मां को उम्मीद ही नहीं थी कि कभी ऐसा भी होगा। यह बेटा अपने साथ पत्नी और तीन बच्चों को लेकर आया। अंबाला छावनी के कबीर नगर का है। चार बहनों का इकलौता भाई संजय 1996 में नादानी में पिता की डांट के बाद ट्रेन में सवार होकर चला गया था। बाद में शहर का नाम और पता भूलने के कारण भटक गया था। आगरा के एक परिवार ने उसका पालन पोषण किया। संजय तभी से अपनी धुंधली यादों के सहारे गूगल पर सर्च करता रहता था, जो अब अपने घर पहुंचा। पहले तो मां ने बचपन की यादें पूछी, जवाब सही मिलने पर मां वीना की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। 32 वर्षीय संजय ने बताया कि करीब नौ साल की उम्र में वह अपने घर से मंदिर के लिए निकला। वहां से सब्जी मंडी और फिर वहां से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन चला गया।

### हत्या के मामले में आरोपी को किया राउंडअप

**फरीदाबाद।** दोबारा शराब लाने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या के आरोपी को राउंडअप कर पूछताछ कर रही है। हरीश नरवत निवासी खेड़ी कला फरीदाबाद ने पुलिस थाना एनआईटी में दी शिकायत कराई थी।




# हादसे में मां-बेटे की मौत, हरिद्वार घूमने के बाद लौट रहे थे दोनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार रात को सड़क हादसे में मां बेटे की मौत हो गई। मृतक प्रिंस अपने भाइयों में सबसे छोटा था। महेश नगर के रहने वाले बड़े भाई प्रदीप और नरेंद्र ने बताया कि उनका संयुक्त परिवार था। प्रिंस टांगरी नदी के पास दूध की डेयरी का काम करता था। प्रिंस अक्सर ही परिवार के साथ घूमने जाता रहता था। हर महीने वह हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जाता था। रविवार को छुट्टी के चलते प्रिंस हरिद्वार गया था। उनके भाई ने बताया कि हरियाणा में मनसा देवी के दर्शन करने के बाद उन्होंने वहां एक फोटो भी खिंचवाई थी जिसमें पूरा परिवार दिख रहा था। उन्होंने बताया कि उन्हें क्या पता था कि वह तस्वीर छोटे भाई प्रिंस और मां की आखिरी याद बन जाएगी।

### टास्क के नाम से 5.50 लाख रुपये से अधिक की ठगी

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने आरोपी भुराराम व सागर निवासी लोहावट जिला फ्लौदी राजस्थान को लोहावट जिला फ्लौदी से गिरफ्तार किया है। इबर थाना बल्लभगढ में सेक्टर-3 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके व्हाट्सएप पर टास्क पूरा करके पैसे कमाने का मैसेज आया। फिर उसके पास ठगों ने कुछ होटल के रिव्यू करने के लिए लिंक भेजे, जिन पर रेटिंग करने के बाद ठगों ने उसके खाता में 120 रूपए डाल दिए। फिर ठगों ने उसे टेलिग्राम से जोडा और कहा कि आगे के टास्क के लिए पैसे देने होंगे। शिकायतकर्ता ने टास्क करने शुरू किये।

### परीक्षा परिणाम से आहत छात्रा ने की खुदकुशी

**बहादुरगढ़।** परीक्षा परिणाम उम्मीदों के मुताबिक न आने से आहत एक छात्रा द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका छात्रा मूलतः बहादुरगढ़ के एक गांव से थी। कुछ समय से उसका परिवार दिल्ली में रह रहा था। छात्रा का हाल ही में 12वीं का परीक्षा परिणाम आया था। बताते हैं कि वह परीक्षा में आए परिणाम से संतुष्ट नहीं थी। इसलिए तनाव में रहती थी। संभवतः इसी वजह से उसने फंदा लगा लिया। परिजन उसे बहादुरगढ़ के अस्पताल में लेकर आए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

जिले में नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई

# तूड़ी के कमरे में मिला नशीली गोलियों का जखीरा, तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव सुखलमपुर में एक तूड़ी के कमरे से हजारों नशीली गोलियां बरामद होने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने फरार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ईश्वर सिंह पुत्र कालू राम निवासी गांव सुखलमपुर के रूप में हुई है। थाना रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय पुलिस ने आरोपी के खेत में बने तूड़ी के कमरे में छापेमारी कर वहां से 249 पत्तों में कुल 2,490 टैबलेट प्रतिबंधित नशीली दवा ट्रामाडोल बरामद की थी। हालांकि उस समय आरोपी ईश्वर सिंह मौके से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसके बाद वह लगातार फरार चल रहा था और पुलिस को उसकी तलाश थी। वांछित आरोपी ईश्वर सिंह अपने गांव में मौजूद है। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

### राज्य स्तरीय योग चैंपियनशिप कल से 250 खिलाड़ी लेंगे भाग

**हिसार।** योगा कल्चर एसोसिएशन हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय योगा कम्पीटीशन गुरु रविदास छात्रावास, सिरसा बाइपास में 21 मई बुधवार को करवाई जाएगी जिसमें प्रदेश भर से लगभग 250 योग खिलाड़ियों के विभिन्न आयु वर्ग में भाग लेने की संभावना है। योगा कल्चर एसोसिएशन हरियाणा के कार्यकारी सचिव वीरेंद्र ने बताया कि इस चैम्पियनशिप के मुख्य अतिथि के रूप में अशोक गर्ग आयुक्त हिसार मंडल शिरकत करेंगे। अध्यक्षता ओम प्रकाश गोयल, राज्य प्रधान, योगा कल्चर एसोसिएशन हरियाणा व एच. एस. भादू कार्यकारी प्रधान एथलैटिक्स हरियाणा करेंगे जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रणधीर पनिहार व एथलैटिक्स हिसार के सचिव मनोज कड़वासरा होंगे।

### प्राइवेट पार्ट में पाइप से पानी डालने वाले दो आरोपी दबोचे

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर 58 की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना सेक्टर 58 में आनंद चौहान निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 मई को सुबह के समय अतिन्द्र, कार्तिक, संदीप व राहुल उसके भाई मनोज चौहान को अपने साथ ले गये और समय करीब 9 बजे सुबह चारों उसके भाई को घर छोड़ गए। जिन्होंने बताया कि मनोज की हालत खराब है, जिस पर शिकायतकर्ता अपने भाई को अस्पताल ले गया। मनोज ने बताया कि अतिन्द्र, कार्तिक, संदीप व राहुल ने उसके गुप्तांग में पानी का पाइप डालकर समरसिबल का प्रेशर छोड़ दिया। जिस कारण मनोज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।



## पांच साल के अलगाव के बाद किया नया अध्याय शुरू

# ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के संबंधों में नया अध्याय रक्षा समेत कई समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने पांच साल बाद के अलगाव के बाद आयोजित पहले औपचारिक शिखर सम्मेलन में सोमवार को रक्षा सहयोग एवं व्यापार को आसान बनाने से संबंधित नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही दोनों पक्षों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

ब्रिटेन वर्ष 2020 में यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताते हुए इससे अलग हो गया था। उस घटनाक्रम को 'ब्रेक्जिट' कहा जाता है। प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने यहां यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन और यूरोपीय संघ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा कि ये समझौते लालफीताशाही को कम करेंगे, ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करेंगे।

### ब्रिटेन वैश्विक मंच पर वापस आया

स्टार्मर ने कहा, ''ब्रिटेन एक बार फिर वैश्विक मंच पर वापस आ गया है। यह सौदा दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।' यूरोपीय संघ की कार्यकारी इकाई यूरोपीय आयोग की प्रमुख लिएन ने इस वार्ता को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि वैश्विक उठापटक के इस दौर में यह समझौता संदेश देता है कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ वैश्विक मंच पर साथ खड़े होने वाले स्वाभाविक साझेदार हैं।




### ब्रेक्जिट से पीछे हटने की आलोचना

हालांकि, ब्रिटेन के विपक्षी दलों ने इन समझौतों को ब्रेक्जिट से पीछे हटने का संकेत बताते हुए आलोचना की। कंजर्वेटिव पार्टी की नेता केमी बेडनोच ने कहा, ''हम एक बार फिर ब्रसेल्स से तय नियमों का पालन करने वाले बन रहे हैं।'' यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ का मुख्यालय ब्रसेल्स में स्थित है।

- व्यापार को आसान बनाने नए समझौतों पर हस्ताक्षर
- ब्रिटेन 2020 में यूरोपीय संघ से अलग हुआ था
- ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताया था

### रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी

दोनों पक्षों के बीच एक रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी है। इससे ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के 150 अरब यूरो (170 अरब डॉलर) के रक्षा ऋण कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकेगी। इसके साथ सीमाओं के पार खाद्य व्यापार को आसान बनाने के लिए पशुओं एवं पौधों के उत्पादों पर कुछ जांच हटाने और ब्रिटेन के समुद्री क्षेत्र में यूरोपीय संघ के मछली पकड़ने वाले जहाजों को अनुमति देने वाले समझौते को 12 साल के लिए बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

### ब्रिटेन, यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा साझेदार

यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने के बावजूद ब्रिटेन के उत्पादों को ब्रेक्जिट के बाद से अधिक कठोर सीमा जांच, अधिक कागजी कार्रवाई और अन्य गैर-शुल्क बाधाओं के कारण निर्यात में 21 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा है।

### भारत और अमेरिका के साथ भी समझौता

पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही स्टार्मर यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश में लगे रहे हैं। स्टार्मर का मानना है कि इसे इस तरह से सुधारा जाए कि व्यापार को बढ़ावा और सुरक्षा को मजबूती मिले। ब्रिटेन ने हाल ही में भारत और अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की घोषणा की है।

### सस्ते कर्ज प्राप्त करने की मिलेगी अनुमति

रक्षा समझौता ब्रिटेन के रक्षा उद्योग को सैन्य उपकरण खरीदने के लिए एक नए यूरोपीय संघ ऋण कार्यक्रम से सस्ते कर्ज प्राप्त करने की अनुमति देगा। इससे यूक्रेन की आंशिक रूप से आत्मरक्षा में मदद की जा सकेगी। व्यापार समझौतों से कुछ खाद्य आयात और निर्यात पर नियमित सीमा जांच और लागत में कमी आएगी और माल का स्वतंत्र रूप से प्रवाह आसान हो सकेगा।

## जीईएम-सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास : गोयल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है।



# एसबीआई का रिकॉर्ड 9.2 अरब डॉलर का मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण
- रिलायंस व ओएनजीसी के बाद तीसरी बड़ी कंपनी बनी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के बाद एसबीआई तीसरी ऐसी भारतीय कंपनी बन गई है, जो शुद्ध लाभ के लिहाज से दुनिया की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल है।

हालांकि, भारत के जानेमाने विपणन रणनीतिकार राजेंद्र श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण है। भारत के सबसे बड़े बैंक के मुनाफे में प्रभावशाली वृद्धि कई साल पहले शुरू हुई एक डिजिटल पहल 'योनो' के चलते है। आज योनो के 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इस मंच ने अपनी शुरुआत से 3.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण जारी किए हैं और बैंक के खुदरा ऋण में इसका अहम योगदान है। इस मंच पर रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लॉगइन हैं और एसबीआई के बचत खाते के 65 प्रतिशत लेनदेन अब योनो के जरिये होते हैं। श्रीवास्तव ने लिखा, ''एसबीआई 50 करोड़ से अधिक खातों के जरिये सेवाएं देता है, जो इसे ग्राहक आधार के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बनाता है। हालांकि, इनमें से केवल 7.4 करोड़ (लगभग 14 प्रतिशत) खाते ही योनो उपयोगकर्ता हैं।

### राजकीय प्राथमिक पाठशाला
**गांव सिरसल (कैथल)**
**Code-13784**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.पा. सिरसल (कैथल) के नकारा घोषित हो चुके चार कमरों की नीलामी 26.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी जिसकी जमानत राशि 10,000- रुपये रखी गई है। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-प्राधानाचार्य
जी.पी.एस सिरसल (कैथल)

### COURT NOTICE
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms Meenu
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Narender S/o Randhir Singh
Vs.
Genral Public
CNR No. HRJR02-000061-2025
Next Date:- 29-05-2025
PUBLICATION ISSUED TO :
Genral Public
India

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **29-05-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Meenu
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 17-05-2025

### COURT NOTICE
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms Meenu
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Divya (minor) daughter of Sachin Kumar through her mother Babli Rani widow of Sachin Kumar
Vs.
Genral Public
CNR No. HRJR02-000661-2025
Next Date:- 18-07-2025
PUBLICATION ISSUED TO :
Genral Public
India

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18-07-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Meenu
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 17-05-2025

### राजकीय बहुतकनीकी, सोनीपत
**फोन नं०- 01302246757**
**Email-gpsonipat@hry.nic.in**
**निविदा सूचना**

राजकीय बहुतकनीकी, सोनीपत में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में निम्नलिखित के संचालन हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

1. मैस छात्रावास के लिए (लगभग 300 छात्र व छात्राएं)
2. कॉलेज कैंटिन (वीटा बूथ में संचालन) के लिए (लगभग 1500 छात्र व छात्राएं)

इच्छुक पंजीकृत फर्म रू 1000/- मैस तथा रु 500/- कैंटीन (गैर वापसी योग्य) के भुगतान करने पर निविदा आवेदन पत्र व अन्य विवरण / शर्ते कार्यालय, राजकीय बहुतकनीकी, सोनीपत से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक।

प्रधानाचार्य
राजकीय बहुतकनीकी,
सोनीपत।
पीआरडीएच-1115/11/403/2026/34884/88/6 दि. 19.05.25

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 271 अंक टूटा और निफ्टी 74 अंक नीचे आया
- मूडीज ने अमेरिका की साख घटाने से कमजोर रुख रहा

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 271 अंक और टूट गया। मूडीज रेटिंग्स के अमेरिका की साख घटाये जाने के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 366.02 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 74.35 अंक की गिरावट के साथ 24,945.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। क्षेत्रवार देखा जाए तो रियल्टी, औषधि ओर वाहन शेयरों में तेजी रही जबकि आईटी शेयर नुकसान में रहे।

*निवेशकों ने की मुनाफावसूली : मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने आईटी, पूंजीगत सामान और तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली की। इससे कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बाजार नुकसान में रहा।*

### अदालती इश्तहार न्यायालय श्री दीपक सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कलानौर

इस अदालती इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री पृथी सिंह उर्फ मन्नु राम पुत्र श्री दानी निवासी मकान न0 219/2, कृष्णा कालोनी नजदीक गौड़ स्कूल रोहतक ने अपने जीवन काल में एक वसीयत उप-संयुक्त पंजीयन अधिकारी रोहतक से रजिस्टर्ड वसीयतनामा 445 दिनांक 16/07/2014 को अपने तीन लड़के महेन्द्र सिंह - सुनील कुमार-दीपक कुमार पुत्रान श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री पृथी सिंह उर्फ मन्नु रान निवासी मकान न0 219/2 कृष्णा कालोनी नजदीक गौड़ स्कूल रोहतक के हक में पंजीकृत करवाई थी। उक्त श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री पृथी सिंह उर्फ मन्नु राम पुत्र श्री दानी का दिनांक 14/11/2022 को देहान्त हो चुका है। जिसका इन्तकाल न० 3579 विरासत स्थित रकबा गांव पटवापुर तहसील कलानौर जिला रोहतक में मुताबिक पंजीकृत रजिस्टर्ड वसीयतनामा के अनुसार तिथि 16/05/2025 को दर्ज हो चुका है। अब रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री पृथी सिंह उर्फ मन्नु राम पुत्र श्री दानी की मलकियत अराजी का इन्तकाल विरासत महेन्द्र सिंह सुनील कुमार दीपक कुमार पुत्रान श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री पृथी सिंह उर्फ मन्नु राम निवासी मकान न0 219/2, कृष्णा कालोनी नजदीक गौड़ स्कूल रोहतक के हक में निर्णय किया जाना है। अत इस इन्तकाल के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई हित शामिल हो वह इस अदालती इश्तहार के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर असालतन या वकालतन हाजिर होकर किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। किसी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का कोई एतराज प्रस्तुत नहीं किए जाने की सुरत में इन्तकाल का निर्णय एकतरफा तौर पर कर दिया जाएगा। यह नोटिस इश्तहार आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/- सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर

### COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Sh. Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), REWARI
SUBHASH CHAND
Vs.
RAMJAS
CNR No. HRRE02-001162-2019
Next Date:-28-05-2025
PUBLICATION ISSUED TO :

Def. No. 1. Ramjas Def. No. 2. Jagram Sons Late Smt. Basanti Devi Dio Late Sh. Kanhaiya Lal Son of Late Sh. Ram Jeewan Def. No. 3. Santosh Def. No. 4. Roshni Def. No. 5. Dayawati Def. No. 6. Leelawati Def. No. 7. Ratna Devi Daughters Late Smt. Basanti Devi D/o Late Sh. Kanhaiya Lal Son of Late Sh. Ram Jeewan, Proprietors of Village Dhamlaka, District Rewari, at present Village Mewali, Sub Tehsil Kotkasim, District Alwar Rajasthan. Def. No. 8(B) Surender Son of Late Sh. Hari Singh Def. No. 8(C) Prem D/o Late Sh. Hari Singh Def. No. 8(D) Pushpa Dio Late Sh. Hari Singh Def. No. 8(E) Krishna D/o Late Sh. Hari Singh All R/o Gali No. 2, Shiv Colony, Near Railway Hospital, Rewari (HR).
Def. No. 11 Bimla D/o Late Sh. Kanhaiya Lal Son of Late Sh. Ram Jeewan Def. No. 12 Vidya Dio Late Sh. Kanhaiya Lal Son of Late Sh. Ram Jeewan Both Residents of Village Dhamlaka, District Rewari

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) respondent(s) should appear in person or through counsel on **28-05-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Rewari
Sd/- Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 17.05.2025

### COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Santosh
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-000687-2025
Next Date:-22-07-2025

Prayed that in view of the above mentioned facts a succession certificate may please be issued in favour of the petitioner in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO :
General Public :-
Sonipat Haryana

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **22-07-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 02-05-2025

### सार्वजनिक सूचना
**(ई-नीलामी)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ह. रा. कृ. वि. बोर्ड, पंचकुला के पत्र दिनांक 15.05.2025 के तहत अनाज मंडी रानिया (सिरसा) व सबयार्ड जीवननगर के दुकान प्लाटों साइज़ 20x85 फीट की बिक्री E-Auction के माध्यम से दिनांक 28.05.2025 को निर्धारित हुई है। इच्छुक बोलीदाता द्वारा बोली में भाग लेने हेतू ऑनलाइन वेबसाइट https://hsamb.procure247.com/hsamb पर visit कर अपना Registration करना होगा। इच्छुक बोलीदाता द्वारा ई-ऑक्शन में भाग लेने हेतू प्लाट से सम्बंधित निर्धारित EMD राशि निर्धारित समय पर RTGS/NEFT या Online जमा करवानी होगी। विस्तृत जानकारी हेतू बोर्ड मुख्यालय की वेबसाइट www.hsamb.org.in पर visit करें।

**सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,**
**मार्केट कमेटी, रानियां (सिरसा)**
**(01698-250317)**
**E-mail- mktcrania@gmail.com**

**प्रशासक,**
**मार्किट कमेटी, रानिया (सिरसा)**

संवाद-1284/11/786/2026/34889/C/88/6 दि. 19.05.25

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## आचार्यकुलम के विद्यार्थियों ने दिव्य मेधाशक्ति से विद्यालय औसत 100 तक पहुंचाने का मन बनाया : स्वामी महाराज



**चंडीगढ़।** परमपूज्य स्वामी महाराज व परमश्रद्धेय आचार्यश्री महाराज द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत आने पर हर्षोल्लास का वातावरण रहा। इस वर्ष हाईस्कूल में अथर्व ने 99.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, ध्रुव ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सान्या सेजल ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 97.60 अंको के साथ सहज चतुर्थ व 97.40 अंको के साथ अंशुमान व कन्हैया कुमार पंचम स्थान पर रहे। कुल मिलाकर सभी 153 विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के साथ ही विद्यालय का औसत 86.30 रहा। 21 विद्यार्थियों ने सभी पाँचों विषयों में A-1 ग्रेड प्राप्त किए जबकि 43 विदयार्थियों ने विविध विषयों में शतांक अर्जित किए। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 25 रही।

## राशिफल

**मेष** – भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** – आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** – खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** – बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** – नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।

**धनु** – शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** – मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

## सोना 580 रु.चढ़ा, चांदी में 500 रु.की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''इसी समय, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल 4.5 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है।

*चांदी 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम : मेहता ने कहा कि इस कदम से सोने में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी 'ट्रेजरी बिलों' में निवेश कम कर रहे हैं और सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, चांदी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।*

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस आवास निगम लि. | डीबीआरएएनएलयू, सोनीपत में ऑडिटोरियम बिल्डिंग का निर्माण + 8 कार्य। | 16.05.2025 06.06.2025 | 572771278 | https://etenders.hry.nic.in | 9463200487 dtpanchkula@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34890/I/88/6 दि. 19.05.25

### पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.07.2025 से 31.12.2025 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक सहित सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/- की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नं. सहित सभी प्रकार से विधिवत् पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 03.06.2025 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

संवाद-1241/11/70/2026/34873/सी/88/6 दि. 19.05.25 — चिकित्सा अधीक्षक

### शब्द पहेली - 5872




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5871 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |





# पंजाब के लिए बुरी खबर, कप्तान अय्यर हो सकते हैं बाहर, उंगली में लगी चोट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 मैच में फील्डिंग नहीं करने के पीछे की वजह बताई है। रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया और 25 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि, दूसरी पारी में वह मैदान पर नहीं उतरे और उनकी जगह शशांक सिंह ने कप्तानी संभाली।

मैच के बाद अय्यर ने बताया कि अभ्यास सत्र के दौरान उनकी तर्जनी उंगली पर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह फील्डिंग नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 'यह उंगली की चोट है (अपनी तर्जनी की ओर इशारा करते हुए)। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ है। कल अभ्यास के दौरान मुझे चोट लगी थी, अब मुझे जांच करानी होगी कि समस्या क्या है।'



### अय्यर के नाम जुड़ा रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास में तीन अलग-अलग टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ में पहुंचाया था, 2020 में टीम को फाइनल तक ले गए थे। बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में फाइनल में पहुंचे और अब पंजाब किंग्स को 2025 में प्लेऑफ में पहुंचाया है।

### मैदान के बाहर से टीम को देते रहे निर्देश

अय्यर मैदान के बाहर से टीम को निर्देश देते रहे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहे। उन्होंने कहा, 'मैं सभी खिलाड़ियों को सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज बनाए रखने का संदेश दे रहा था। आप कभी-कभी महसूस करते हैं कि खेल हाथ से निकल गया है, लेकिन मैं हर खिलाड़ी पर गर्व करता हूं कि उन्होंने साहसिक रवैया दिखाया।' इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने 10 रन से मुकाबला जीतकर प्लेऑफ़ में जगह बना ली।

## नाइट राइडर्स ने शुक्ला, आरसीबी ने मुजरबानी को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर क्रमशः शिवम शुक्ला और ब्लेसिंग मुजरबानी को चुना है। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके नाइटराइडर्स ने शेष मुकाबलों के लिए रोवमैन पावेल की जगह शुक्ला को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर पावेल को अपने टॉन्सिल की सर्जरी करानी है। लेग स्पिनर शुक्ला घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हैं और 30 लाख रुपये में नाइट राइडर्स से जुड़ेंगे। इस बीच आरसीबी ने लुंगी एनगिडी की जगह मुजरबानी को चुना है। एनगिडी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल हो गए हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अब तक 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टेस्ट और 55 एकदिवसीय मुकाबलों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है। वह 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे।

### खास खबर

## नीरज अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने को तैयार



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की 'मानसिक बाधा' को पार करने के बाद सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे कि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, 'अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं।' एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात


### अभिषेक की शानदार फिफ्टी, राठी से मैदान पर बहस की

# लखनऊ आईपीएल प्लेऑफ की रेस से बाहर, हैदराबाद ने 6 विकेट से हराया

भाषा ▸▸ लखनऊ

अभिषेक शर्मा की 20 गेंद में 59 रन की ताबड़तोड़ पारी के बाद हेनरिच क्लासेन (28 गेंद में 47), कामिन्दु मेंडिस (21 गेंद में 32 रन पर रिटायर्ड हर्ट) और इशान किशन (28 गेंद में 35 रन) के उपयोगी योगदान से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को छह विकेट से शिकस्त दी। इस हार के साथ ही एलएसजी की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी। एलएसजी की यह 12 मैच में सातवीं हार है और टीम 10 अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। सनराइजर्स 12 मैच में चौथी जीत के साथ आठवें पायदान पर है। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 205 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया लेकिन एसआरएच ने 18.2 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैदान पर यह पहली बार है जब लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन बनाकर जीत दर्ज की। अभिषेक ने पारी की शुरुआत में ही चार चौके और छह छक्के लगाये जिससे लक्ष्य का पीछा करते समय एसआरएच की टीम कभी दबाव में नहीं आयी। उन्होंने रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार चार छक्के जड़ने के दौरान 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले मिशेल मार्श और एडेन मारक्रम की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की बदौलत एलएसजी ने प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मार्श ने 39 गेंद की पारी में छह चौके और चार छक्के की मदद से 65 जबकि मारक्रम ने 38 गेंद में 61 रन की पारी में चार छक्के और इतने ही चौके जड़े। निकोलस पूरन ने भी 29 गेंद में 45 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी थी और एलएसजी को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी।

एलएसजी की बड़ी जिम्मेदारी उनके नए कप्तान ऋषभ पंत के नाम रहेगी। वह रिकॉर्ड 27 करोड़ की राशि पर खरे नहीं उतर सके। सनराइजर्स की पारी का मुख्य आकर्षण अभिषेक द्वारा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की लगातार चार गेंदों पर लगाए गए छक्के थे। उन्होंने इसमें से तीन छक्के कदमों का इस्तेमाल कर लगाये। गेंदबाजी विभाग में एलएसजी के लिए सिर्फ दिग्वेश राठी (37 रन पर दो विकेट) ही प्रभावित कर सके। राठी ने जब आठवें ओवर में अभिषेक को कैच कराने के बाद अपने चिरपरिचित अंदाज में 'नोटबुक' जश्न मनाया।





### आज चेन्नई व राजस्थान के सामने आईपीएल में प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती

**नई दिल्ली।** प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को भिड़ेंगी। इंडियन प्रीमियर लीग में जब दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं।

### स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए छोड़ी शराब

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी। तैंतीस वर्षीय स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी।

### खेल स्टार्टअप के लिए की नई पहल की घोषणा

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फोर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नीति वकालत पहल की घोषणा की है जिसमें आईएमटी गाजियाबाद उसका भागीदार होगा। एएसआईपी भारत के खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अहम कमियों को दूर करने के लिए अपने नीति वकालत के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए एएसआईपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह इस क्षेत्र में उद्यमिता, निवेश और 'स्केलेबिलिटी' का समर्थन करने के लिए एक व्यापक नीति ढांचा विकसित कर रहा है।

## एचआईएचल की तीन महीने की पंजीकरण विंडो खुली

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के एक हजार से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों के हॉकी इंडिया लीग की तीन महीने लंबी पंजीकरण प्रक्रिया के लिए नामांकन करने की उम्मीद है जो सोमवार से शुरू हुई। पिछले साल सात वर्ष के अंतराल के बाद एचआईएल को फिर से शुरू किया गया था जिसमें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने पुरुष वर्ग और ओडिशा वारियर्स ने महिला वर्ग का खिताब जीता था। भारत के अलावा नीदरलैंड, बेल्जियम, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, अर्जेंटीना, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, मलेशिया और दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी पुरुष वर्ग में पंजीकरण कर सकते हैं। महिला वर्ग में भारत, नीदरलैंड, अर्जेंटीना, बेल्जियम, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, चिली, जापान, अमेरिका और स्कॉटलैंड के खिलाड़ी पंजीकरण के लिए पात्र हैं। एचआईएल के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 20 अगस्त को समाप्त होगी।

### खबर संक्षेप

### मेसी के केरल का दौरा करने में संदेह नहीं

**कोट्टायम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने सोमवार को कहा कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पूर्व निर्धारित राज्य की यात्रा के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों को खारिज किया। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार और उनकी टीम के इस साल अक्टूबर या नवंबर में राज्य में मैच खेलने की उम्मीद है। मौजूदा अटकलों को खारिज करते हुए खेल मंत्री ने जोर देकर कहा कि मेस्सी की यात्रा के बारे में 'संदेह की कोई गुंजाइश नहीं' होनी चाहिए।



### सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में लगाई गईं फ्लडलाइट

**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने रंगपो के माइनिंग में सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में फ्लडलाइट का उद्घाटन किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिश्वनाथ सोमद्दर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री तमांग ने कहा, 'यह सुविधा सिक्किम सरकार के सहयोग से विकसित की गई है जिसकी बुनियादी ढांचे के विकास और जन कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता ने इस पहल को संभव बनाया है।' उन्होंने कहा कि यह राज्य में क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय है।



### उत्तर प्रदेश में बनेगा चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपए की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इसमें दो मंजिला स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार अभ्यास पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा।



### बीसीसीआई का दावा

## एशिया कप से भारत के हटने की खबर सिर्फ अटकलबाजी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को उस खबर को 'अटकलबाजी और काल्पनिक' करार दिया जिसमें दावा किया गया है कि उसने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसला किया है।

सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई भारतीय टीमों को एशियाई क्रिकेट परिषद की दो प्रतियोगिताओं में ऐसे समय में प्रतिस्पर्धा नहीं करने देगा जब इस क्रिकेट संस्था का नेतृत्व एक पाकिस्तानी कर रहा है और कुछ ही दिन पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं और एसीसी के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं। गत चैंपियन भारत सितंबर में टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरों की जानकारी मिली है कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। ये दोनों ही एसीसी प्रतियोगिताएं हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है।'

### अभी आईपीएल और टेस्ट सीरीज पर ध्यान

सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई इंडियन प्रीमियर लीग और अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा, 'इस समय हमारा ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद इंग्लैंड में होने वाली श्रृंखला पर है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रृंखलाएं शामिल हैं। एशिया कप या एसीसी की किसी अन्य प्रतियोगिता से जुड़ा मुद्दा किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है इसलिए इस पर कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें और काल्पनिक है। यह कहा जा सकता है कि बीसीसीआई जब भी एसीसी की किसी प्रतियोगिता पर कोई चर्चा करेगा और कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा तो मीडिया के माध्यम से इसकी घोषणा की जाएगी।'

### टेस्ट कप्तानी : गिल की योग्यता का आकलन करना अभी जल्दबाजी

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच आशीष कपूर का मानना है कि शुभमन गिल एक 'सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं। लेकिन यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगर उन्हें भारतीय टीम की कमान सौंपी जाती है तो वह टेस्ट प्रारूप में अपनी टी20 कप्तानी की सफलता को दोहरा पाएंगे या नहीं। मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाने वाले गिल को रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है।
कपूर ने कहा, 'अगर आप शुभमन को बल्लेबाज या मूल रूप से क्रिकेटर के तौर पर देखते हैं, वह सोच-समझकार काम करने वाला है या नहीं, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में काफी सोच-समझकर काम करता है।

## अनवर ने सुपर फाइटर सीरीज में घाना के अलोटे को हराया

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

भारत के फैजान अनवर ने घाना के कपाकपो अलोटे पर 10 दौर के वेल्टरवेट अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबले में शानदार जीत हासिल की।

'ग्रासरुट मुक्केबाजी और क्राउन मुक्केबाजी' की मेजबानी में यह 'सुपर फाइटर सीरीज 3' का मुख्य आयोजन था। मूल रूप से कोलकाता के अनवर अब दुबई में रहते है। उन्होंने हर दौर में अपना दबदबा कायम करते हुए दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। यूक्रेन के डैनिलो होन्चारू ने डब्ल्यूबीए एशिया मिडिल-ईस्ट सुपर लाइटवेट खिताब जीता। उनके प्रतिद्वंद्वी जब दागिस्तान के रुसलान कामिलोव तीसरे दौर में रिटायर हो गए। महिला वर्ग में हरियाणा की रानी देवी ने बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा को सर्वसम्मत निर्णय से हराया। अन्य मुकाबलों में मिजोरम के एफ. जोरमछाना ने बेंगलुरु के हर्ष सरोहा पर एकतरफा जीत दर्ज की। बेंगलुरु की एक अन्य पेशवर मुक्केबाज कमला रोका ने भी पंजाब की महकप्रीत पर सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की।



### दीक्षा डच लेडीज ओपन में संयुक्त 9वें स्थान पर

**हिल्वरसम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा। अन्य भारतीयों में युवा हिताषी बक्शी (71, 73 और 69) संयुक्त रूप से 12वें जबकि अवनी प्रशांत (77, 70 और 67) संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स ने दो शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना तीसरा खिताब जीता। इससे पहले त्वेसा मलिक (74 और 75) कट से चूक गई थी जबकि प्रणवी उर्स ने चिकित्सा कारणों से पहले दौर के बाद हटने का फैसला किया।

### 4,75,000 डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट आज से होगा शुरु

# सिंधू, प्रणय को मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा। आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है।



### सतीश को मिला कड़ा ड्रॉ

पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी का सामना क्वालीफायर से होगा जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फैंग हुई के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

## चिंतन

# हनक दिखा रहे बांग्लादेश को सबक सिखाना जरूरी


बांग्लादेश में जब तक शेख हसीना की सरकार थी, सब कुछ बेहतर चल रहा था। भारत-बंग्लादेश के संबंध शिखर पर थे। अगस्त 2024 में विद्रोह के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनाई गई और मोहम्मद यूनुस उसके मुखिया बने। उसके बाद बांग्लादेश की एंटी-इंडिया गतिविधियां बढ़ती गईं। कई बांग्लादेशी नेताओं ने भारत विरोधी बयान दिए और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू नेताओं को निशाना बनाया। इस वजह से दोनों देशों की तल्खी और ज्यादा बढ़ गई, इसके बाद भारत के ही रहमोकरम में अस्तित्व में आए बांग्लादेश ने चीन और पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। वहां की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन दौरे के दौरान उत्तर-पूर्व भारत को 'लैंडलॉक्ड' बताते हुए बांग्लादेश को समुद्र का एकमात्र संरक्षक बता दिया। यूनुस की चीन दौरे पर यह टिप्पणी एक तरह भारत द्वारा क्षेत्र की संपर्क क्षमता को कमतर आंकने के रूप में देखी गई। बात केवल यही तक खत्म नहीं हुई। सर्वविदित है कि भारत के शेष हिस्से से पूर्वोत्तर तक सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) के जरिए पहुंचा जा सकता है, जो सिर्फ 20 किमी. चौड़ा है। यह संकरा कॉरिडोर भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से हमेशा कमजोर कड़ी है, इसीलिए पिछले डेढ़ दशक में भारत-बांग्लादेश साझेदारी के तहत वैकल्पिक मार्गों की तलाश की गई थी, लेकिन नई बांग्लादेश सरकार के भारत विरोधी रुख के कारण यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बांग्लादेश ने 2024 के अंत से भारत से होने वाले व्यापार पर कई प्रतिबंध भी लागू कर दिए। इसके तहत प्रमुख लैंड पोर्ट से भारतीय यार्न के आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई। चावल के निर्यात पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए। इसी तरह कागज, तंबाकू, मछली, और दूध पाउडर जैसे उत्पादों के आयात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। बांग्लादेश ने भारतीय मूल के अपने क्षेत्र से गुजरने पर अब प्रति टन प्रति किलोमीटर 1.8 टका का ट्रांजिट शुल्क भी लागू कर दिया है, जिसके चलते सामान की पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंच महंगी हो गई है। अब बारी भारत की थी। भारत ने सौ सुनार की और एक लोहार की रणनीति पर चलते हुए एक के बाद एक दो बड़े फैसले लिए हैं, जिससे अर्थिक रूप से बेहाल बांग्लादेश की कमर टूटनी तय है। भारत ने बांग्लादेश से होने वाले आयात पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने इसकी घोषणा की। भारत ने बांग्लादेश से कई उपभोक्ता सामानों के आयात पर लैंड बॉर्डर के माध्यम से रोक लगा दी है। इनमें शर्ट, पैंट, टी-शर्ट जैसे रेडिमेड गारमेंट्स, बिस्किट, चिप्स, कन्फेक्शनरी, स्नैक्स प्रोसेस्ड फूड आइटम, कार्बोनेटेड और एनर्जी ड्रिंक्स, बाल्टी, खिलौने, कुर्सियां जैसे प्लास्टिक उत्पाद कॉटन वेस्ट और इंडस्ट्रियल ग्रेड कॉटन बाय प्रोडक्ट, सोफा, बेड जैसे लकड़ी के फर्नीचर समेत अनेक चीजें शामिल हैं। ये प्रतिबंध बांग्लादेश की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था को और ज्यादा कमजोर कर सकते हैं। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई लगभग 10-10.2 फीसदी, और कमजोर घरेलू मांग के कारण, वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट 3.8-4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जो बांग्लादेश के लिए बड़ा झटका होगा। लाखों लोगों को रोजगार देने वाली गारमेंट इंडस्ट्री सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। दूसरी और इसका सीधा लाभ भारतीय उद्योगों को होगा। ये प्रतिबंध भारत का बांग्लादेश को संदेश भी हैं कि व्यापार एक दूसरे के लाभ पर आधारित होना चाहिए। अगर वो किसी और मुगालते में है तो भारत सबक सिखाना भी जानता है। ये नया भारत है जैसे को तैसा जवाब देना जानता है।



## जयंती
कृष्ण प्रताप सिंह

# मानव को निरूपम बता गए पंत

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश/पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश। मेखलाकार पर्वत अपार/अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़/अवलोक रहा है बार-बार/नीचे जल में निज महाकार/ जिसके चरणों में पला ताल/दर्पण-सा फैला है विशाल! 'पर्वत प्रदेश में पावस' शीर्षक कविता की इन पंक्तियों के बाद यह जताने के लिए किसी और उद्धरण की आवश्यकता नहीं रह जाती कि जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा के साथ हिंदी के छायावाद काल के चार प्रमुख कवियों (आधारस्तम्भों) में से एक सुमित्रानंदन पंत (जिनकी आज जयंती है) प्रकृति के कैसे सुकुमार कवि हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं कि एकमात्र यह सुकुमारता ही उनकी विलक्षण कवि प्रतिभा का पता देती हो। हिंदी में प्रकृति के और भी कई प्रतिभासम्पन्न कवि हुए हैं, लेकिन उसके जैसे संश्लिष्ट चित्र पंत की रचनाओं में मिलते हैं, अन्यत्र दुर्लभ हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि प्रकृति के विकट आकर्षण में बंधे पंत अपनी काव्ययात्रा में एक ही जगह ठहरे नहीं रह जाते। एक समय जहां प्रकृति के प्रेम में पगे वे यह तक पूछ लेते हैंः छोड़ द्रुमों की मृदु छाया/तोड़ प्रकृति से भी माया/बाले! तेरे बाल-जाल में कैसे उलझा दूं लोचन/भूल अभी से इस जग को!/तज कर तरल तरंगों को/इन्द्रधनुष के रंगों को,/तेरे भ्रू भ्रंगों से कैसे बिंधवा दूं निज मृग-सा मन?/भूल अभी से इस जग को!, कई आलोचक इसे लेकर उनके रहते ही उनकी आलोचना किया करते थे। यह कहकर कि 'बाला का बाल जाल' और 'मानव' भी अंततः प्रकृति के ही अंग हैं और उन्हें इस तरह अलग करके देखना सहज कवि स्वभाव का परिचायक नहीं है, लेकिन उन्हें इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ा। बहरहाल, माना जाता है कि पंत का प्रकृति प्रेम भी और सुकुमारता भी, उनकी प्राकृतिक सुषमा से सम्पन्न उस जन्मभूमि की देन हैं, जो उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में कौसानी गांव में स्थित है और अपने पर्वतीय प्राकृतिक सौन्दर्य, हिमानियों (ग्लेशियरों), नदियों और मन्दिरों वगैरह के लिए प्रसिद्ध है। कहते हैं कि अपनी जन्मस्थली के प्राकृतिक सौन्दर्य को पंत ने भरपूर आत्मसात कर रखा था। उनके गांव कौसानी में स्थित उनके घर को अब 'सुमित्रानंदन पंत साहित्यिक वीथिका' नाम के संग्रहालय में बदल दिया गया है और उसमें उनकी विभिन्न कृतियों की पांडुलिपियों के अलावा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का हिस्सा रही अनेक वस्तुएं संग्रहीत की गई हैं। उनके शुरुआती जीवन पर जाएं तो उनकी मां 20 मई,1900 को उन्हें जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद इस संसार को छोड़ गई थीं। ऐसी विषम परिस्थिति में उनके लालन-पालन की जिम्मेदारी उनकी बूढ़ी दादी पर आ पड़ी थी, जिसे उन्होंने भरसक निभाया। उनके जन्म के बाद उन्हें गोसाईं दत्त नाम दिया गया था, लेकिन यह उनको पसंद नहीं था, इसलिए बाद में उन्होंने उसे बदलकर सुमित्रानंदन कर दिया। अल्मोड़ा में प्रारंभिक शिक्षा के बाद 1918 में वे अपने मंझले भाई के साथ काशी चले आए और प्रतिष्ठित क्वींस कॉलेज से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। फिर प्रयाग चले गए और म्योर कॉलेज में प्रवेश लिया। वह बीसवीं शताब्दी का पूर्वार्ध था और चारों ओर स्वतंत्रता संघर्ष की धूम मची हुई थी। फिर वही भला इस संघर्ष से अलग कैसे रहते? 1921 में महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई के सिलसिले में असहयोग आंदोलन छेड़ा और अंग्रेजों की संस्थाओं व संस्थानों के संपूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया तो पंत ने कालेज छोड़ दिया। 1916 से 1977 तक फैली उनकी कोई छह दशकों की इस यात्रा में कहा जाता है कि हिंदी कविता का एक समूचा युग समाया हुआ हुआ है और इसके मोटे तौर पर तीन चरण हैं। 1916 से 35 तक के पहले चरण में उन्होंने छायावादी काव्य रचा। दूसरे चरण में उन्होंने प्रगतिवादी काव्य लिखा, जबकि तीसरे चरण में अरविंद दर्शन के प्रभाव में आकर अध्यात्मवादी रचनाएं कीं। 1960 में उनको 'कला और बूढ़ा चांद' काव्य-संग्रह के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से और 1968 में 'चिदंबरा' काव्य-संग्रह के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया और उन पर डाक टिकट जारी किया। 28 दिसंबर, 1977 को 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ तो हिंदी ने अपने एक युगांतरकारी कवि को खो दिया।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




रणनीति
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# आर्थिक दबाव से पस्त होगा पाक

पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं को भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

यकीनन इस समय भारत के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर से पस्त पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से पस्त करने की रणनीति आगे बढ़ाई जा रही है। हाल ही के दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को दिए जाने वाले नए कर्ज पर भारत के द्वारा एतराज जताने पर 18 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान के बेलआउट कार्यक्रम की निगरानी को और सख्त करते हुए अगली किश्त जारी करने से पहले 11 नई कड़ी शर्तें जोड़ दी हैं। पाक पर आर्थिक दबाव बनाने का भारत का प्रयास रंग लाया है।

उल्लेखनीय है कि भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव की रणनीति के साथ पाकिस्तान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इन दिनों जब पाकिस्तान बार-बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर रहा है, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्र के नाम दिए गए संबोधन का यह वाक्य गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही अब भारत के द्वारा पाकिस्तान पर लगाए गए दमदार आर्थिक प्रतिबंधों से भी पाकिस्तान को पूरी तरह से पस्त करने की डगर महत्वपूर्ण हो गई है। चूंकि तनाव के इस दौर में चीन, तुर्किए और अज़रबैजान न केवल पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़े रहे, बल्कि इन देशों ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति भी की, अतएव भारत इन देशों के सामानों के बहिष्कार और चीन से बढ़ते व्यापार घाटे को रोकने के लिए आयातों को नियंत्रित करने की नई रणनीति के साथ भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। ज्ञातव्य है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि निलंबित की है। 6 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। मोदी का यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब भारत ने आतंकी हमले के जवाब में 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इससे पाकिस्तान की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। गौरतलब है कि सिंधु जल संधि के तहत करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिलता रहा है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय भी स्थगित नहीं किया गया था। भारत के द्वारा सिंधु जल संधि का स्थगन इसलिए अहम है, क्योंकि पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा सिंधु नदी के पानी पर पेयजल और खेती से बिजली उत्पादन तक की गतिविधियों के लिए निर्भर है। एक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के जीडीपी का करीब 25 फीसदी सिंधु जल व्यवस्था पर निर्भर है। इस



स्थगन से पाकिस्तान की बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं सिंधु जल संधि निलंबित किए जाने के बाद भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध से ऐसे कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि विगत 3 मई को भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगा दी है। पाकिस्तान में तैयार या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के आयात और पाक को सभी प्रकार के निर्यात पर रोक लगा दी गई है। यहीं नहीं जहां पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, वहीं भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने का भी निर्णय लिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों पर लागू हुआ है। यह निर्णय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता दिखाई देगा, क्योंकि भारत से आयातित कई वस्तुओं का परिवहन डाक सेवाओं के जरिए भी किया जाता है। भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी तत्काल बंद कर दिया है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाक से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। इन आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि पाक को भारत के निर्यात रुकने से पाकिस्तान की घरेलू अर्थव्यवस्था मुश्किल में होगी और महंगाई बढ़ेगी। वहीं भारत में पाक से आयात रुकने पर भारत के बाजार और महंगाई पर कोई असर नहीं होगा। यह छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। माह अप्रैल 2025 में जीएसटी का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपये स्तर पर पहुंच गया, जो किसी महीने अभी तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ को दिए एक डॉक्यूमेंट में कहा है कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच संभावनाओं वाला देश है और वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। निःसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी।

पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
## दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
## प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हंसे क्यों? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।'

पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

कैथल से गिरफ्तार देवेंद्र सिंह पर आरोप है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई संवेदनशील जानकारियां आईएसआई को दीं। यह व्यक्ति दो साल पहले पाकिस्तान के सिख धार्मिक स्थल ननकाना साहिब की यात्रा पर गया था, जहां उसकी मुलाकात आईएसआई एजेंटों से हुई। इसके बाद से वह धार्मिक यात्रा की आड़ में बार-बार ननकाना साहिब जाकर गुप्त सूचनाएं साझा करता रहा। हाल ही में, इसके पास से पंजाब के पठानकोट एयर बेस की खुफिया तस्वीरें भी बरामद की गई हैं, जो इसकी गहरी साजिश का प्रमाण हैं। यह घटना केवल एक व्यक्ति की गद्दारी तक सीमित नहीं है। देवेंद्र सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के समय कई महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई तक पहुंचाई। उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। – *संतोष जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में ओसीआई रद

लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक ब्रिटिश कश्मीरी प्रोफेसर ने दावा किया है कि कथित भारत विरोधी गतिविधियों के कारण भारतीय अधिकारियों ने उनकी प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) रद्द कर दी है। निताशा कौल ने सोशल मीडिया पर भारत सरकार से प्राप्त पत्र का विवरण पोस्ट किया, जिसमें उन पर 'दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना' करने का आरोप लगाया गया है। यह घटनाक्रम फरवरी में उनके पिछले पोस्ट के बाद सामने आया है, जब शिक्षाविद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत में प्रवेश न करने देने को लेकर पलटवार किया था। कौल ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'जानती हूं कि नफरत के खिलाफ बोलने पर भारत में शिक्षाविदों को गिरफ्तार करना भारत के बाहर के शिक्षाविदों के लिए देश और परिवार तक पहुंच को खत्म करने से जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा, ''विचार यह है कि एक संकेत दिया जाए – हमें अंदर से चुनौती देने की हिम्मत मत करो और बाहर के लोगों को संदेश देने के लिए जो कुछ हो रहा है उसका विश्लेषण करने की हिम्मत मत करो।'



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### विचारों का अच्छा आदान-प्रदान

हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ विचारों का अच्छा आदान-प्रदान हुआ। चर्चा की गई कि भारत और नीदरलैंड/यूरोपीय संघ को बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के युग में और अधिक गहराई से क्यों जुड़ना चाहिए।

-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री



### पश्चिमी तट की स्थिति पर सोचें

गाजा के अलावा, हमें कब्जे वाले पश्चिमी तट की भयानक स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विलय अवैध है। केवल दो-राज्य समाधान ही स्थायी शांति प्रदान कर सकता है: इज़राइल और फिलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रह रहे हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव



### चुप्पी निंदनीय

विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है, इसलिए मैं फिर से पूछूंगा: हमने कितने भारतीय विमान खो दिए क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह अपराध था। देश को सच्चाई का हकदार होना चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



### ज्ञान हमेशा रहता है

अपने बच्चों को सिर्फ वो मत दीजिए जो आपके पास कभी नहीं था। उन्हें वो सिखाइए जो आपको कभी नहीं सिखाया गया। उपहार फीके पड़ जाते हैं। लेकिन ज्ञान? वो हमेशा के लिए रहता है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसपर सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर को चारमोशी राजमार्ग पर हुई। पीड़ित चारमोशी से आष्टी जा रहे थे, तभी 'यू-टर्न' लेते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

### पुणे में फर्जी वायुसेना कर्मी को किया गिरफ्तार



**पुणे।** दक्षिणी कमान सैन्य खुफिया और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान पुणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो फर्जी तरीके से वायु सेना का जवान बनकर यहां रह रहा था। आरोपी गौरव कुमार की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी, जिसके आधार पर रविवार रात उसे पकड़ लिया।

### बेंगलुरु में 4 इंच बारिश गाड़ियां डूबीं, घरों में पानी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 110 मिमी. से ज्यादा बारिश होने से सड़कों और घरों में पानी भर गया। कई इलाकों में गाड़ियां डूब गईं और वाटर लॉगिंग वाले इलाकों से लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा। बेंगलुरु के महादेवपुरा इलाके में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई है।

## विदेश सचिव ने पाकिस्तान से संबंधित मुद्दों पर संसदीय समिति को दी जानकारी

# भारत और पाक सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा : मिसरी

सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि मिसरी ने सरकार के रुख को दोहराया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था, क्योंकि कुछ विपक्षी सदस्यों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से संघर्ष को रोकने में उनके प्रशासन की भूमिका को लेकर बार-बार किए गए दावों को लेकर सवाल उठाया। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंचों का इस्तेमाल किया है। मिसरी ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया।

### इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों को तबाह किया

#### ये नेता हुए शामिल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुई। भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमत हुए थे।



#### प्रतिनिधिमंडल से यूसुफ पठान ने नाम वापस लिया

तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से निपटने के भारत के रुख को सामने रखने के लिए गठित केंद्र के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत का संदेश देने के लिए विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में पठान को शामिल किया था। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि वह कूटनीतिक प्रयास का बहिष्कार नहीं कर रही है और केवल यह चाहती है कि उसे अपना प्रतिनिधि चुनने की अनुमति दी जाए।

#### कांग्रेस की आपत्तियों पर थरूर ने कहा, मैं इसमें नहीं पड़ूंगा

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर उनकी पार्टी समेत कुछ विपक्षी दलों द्वारा आपत्ति जताए जाने को लेकर सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे में नहीं पड़ेंगे। संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष ने इसकी बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा, ''मैं इस विषय में बिल्कुल नहीं पड़ रहा हूं।'' उनसे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नामों को लेकर कांग्रेस की आपत्तियों के बारे में सवाल किया गया था। थरूर को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने के लिए चुना है।

### भाजपा का पलटवार, राहुल गांधी तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे

## ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बयान को लेकर कांग्रेस ने जयशंकर से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा की गई एक कथित टिप्पणी को लेकर सोमवार को कहा कि यह 'अपराध' है और 'पाप' की श्रेणी में आता है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था।

### माफी नामंजूर, गिरफ्तारी पर रोक

# मंत्री शाह केस में सुप्रीम कोर्ट ने बनाई एसआईटी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी सुप्रीम कोर्ट ने नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आप पब्लिक फिगर हैं। आपको बोलते समय अपने शब्दों पर विचार करना चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाने के आदेश दिए। इसमें तीन आईपीएस अधिकारी होंगे, जिनमें एक आईजी और बाकी दो एसपी लेवल के अफसर होंगे।

#### एक महिला होना जरूरी

जांच टीम ने एक अधिकारी महिला होना अनिवार्य होगा। सभी अफसर मध्य प्रदेश कैडर के हो सकते हैं, लेकिन राज्य के मूल निवासी नहीं होने चाहिए। एसआईटी 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के बयान पर नोटिस लेते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ इंदौर के महू थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके खिलाफ शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। मंत्री विजय शाह ने 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था, 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा।'

#### बोलने के लिए कुछ नहीं: तन्खा

कांग्रेस से राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील विवेक तन्खा सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के वक्त कोर्ट रूम में ही मौजूद थे। कोर्ट के आदेश के बाद उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सुनकर हमें एहसास हुआ कि हमारे पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि कोर्ट खुद ही पार्टी से बात कर रहा था।

### असम के मुख्यमंत्री ने फिर साधा कांग्रेस सांसद पर निशाना

# गोगोई को लेकर मेरा दावा झूठा निकला तो छोड़ दूंगा मुख्यमंत्री का पद : सरमा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान यात्रा को लेकर अपने पूर्व आरोपों के संदर्भ में सोमवार को कहा कि अगर मेरे दावे झूठे साबित हुए तो मैं अपने पद से इसतीफा दे दूंगा। सीएम सरमा ने अपने पहले के दावों को दोहराते हुए कहा कि अगर मेरा एक भी शब्द गलत साबित हुआ, तो मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। कांग्रेस नेता पर अपना हमला तेज करते हुए उन्होंने सवाल किया, हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा द्वारा किया गया अपराध कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा किए गए अपराध की तुलना में कुछ भी नहीं है। उन्हेंने पूछा कि अगर गोगोई ने जो किया उसे जासूसी नहीं माना जाता है, तो फिर क्या माना जाता है?

#### आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए

सरमा की यह टिप्पणी तब आई है जब गोगोई पहले के दावे का खंडन करने में विफल रहे कि कांग्रेस सांसद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे और पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के साथ मिलकर काम किया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरमा ने गौरव गोगोई पर आईएसआई और पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के इशारे पर पाकिस्तान जाने का आरोप लगाया। सरमा ने आगे आरोप लगाया कि पाकिस्तान से लौटने पर गोगोई ने राफेल जेट की खरीद का विरोध किया, भारत की रक्षा तैनाती के बारे में जानकारी मांगी और संसद सहित देश के भीतर परमाणु हथियारों और उनके भंडारण के बारे में पूछताछ की।

### ईडी की कार्रवाई : यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन एसके गोयल गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** कोलकाता जोनल ऑफिस की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को 16 मई को दिल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कंकास्ट स्टील एंड पावर लि. को अनुचित लाभ पहुंचाने में की गई और



अन्य के खिलाफ जारी बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में की गई है। 17 मई को गोयल को कोलकाता स्थित पीएमएलए विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 21 मई 2025 तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। इस मामले की जांच सीबीआई के द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कंकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड को यूको बैंक सहित कई बैंकों द्वारा दिए गए कर्ज में भारी हेराफेरी और गबन का आरोप है। ये घोटाला करीब 6210.72 करोड़ रुपए (बिना ब्याज) का है। सुभोध कुमार गोयल के कार्यकाल में यूको बैंक द्वारा सीएसपीएल को भारी क्रेडिट सुविधाएं दी गई थीं, जिन्हें बाद में जानबूझकर गलत तरीके से डायवर्ट और गबन किया गया। इसके बदले गोयल को अवैध रूप से कैश, महंगी प्रॉपर्टीज, लग्जरी आइटम्स, होटल बुकिंग जैसी सुविधाएं दी गईं।

### इलाहबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज की

**प्रयागराज।** शाही जामा मस्जिद, संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की सिविल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के साथ ही अब यह स्पष्ट हो गया है कि संभल की जिला अदालत में चल रही सर्वे संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। बता दें, संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त के जरिये मस्जिद का सर्वेक्षण



कराने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया। 13 मई को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला 19 नवंबर 2024 को उस समय शुरू हुआ जब कुछ याचिकाकर्ताओं ने संभल की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अदालत में याचिका दाखिल कर दावा किया कि मस्जिद का निर्माण 1526 में एक प्राचीन हरिहर मंदिर को तोड़कर किया गया था, जो भगवान विष्णु के अंतिम अवतार 'कल्कि' को समर्पित था। अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने का निर्देश देते हुए दो सप्ताह के भीतर राज्य सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

### संजय राउत को शरद पवार की नसीहत

# अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लोकल पॉलिटिक्स से जोड़ना गलत

राउत ने सर्वदलीय डेलिगेशन को 'बारात' बताया था



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान की पोल खोलने और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और उसके पीछे के उद्देश्य को दुनिया को बताने के लिए भारत सरकार ने खास रणनीति बनाई है। केंद्र सरकार की ओर से 32 देशों में अलग-अलग सर्वदलीय डेलिगेशन भेजी जा रही है। इस डेलिगेशन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों और पूर्व मंत्री को शामिल किया गया है। हालांकि, सरकार के इस फैसले पर राजनीति भी खूब हो रही है। शिवसेना यूबीटी राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सर्वदलीय डेलिगेशन को 'बारात' बता दिया है। संजय राउत ने कहा कि इस 'बारात' को भेजने की क्या जरूरत थी। राउत के इस बयान पर एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने ही निंदा कर दी है। शरद पवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लोकल पॉलिटिक्स से नहीं जोड़ना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि ऐसे मामलों में पार्टी के आधार पर फैसले नहीं लिए जाते।

#### उनकी पार्टी की सदस्य शामिल

पवार ने कहा कि जब पीवी नरसिम्हा राव पीएम थे, तब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र गया था और तब मैं उस डेलिगेशन का हिस्सा का सदस्य था। शरद पवार ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सबसे अलग हों, तो किसी को पार्टी लाइन पर स्टैंड नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय राउत जो भी कहना चाहते हैं, उन्हें कहने का अधिकार है, लेकिन शायद उनकी पार्टी की एक सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी भी इस डेलिगेशन में शामिल हैं। वहीं, टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पूछा है कि केंद्र सरकार कैसे तय कर सकती है कि तृणमूल का प्रतिनिधि कौन होगा? उन्हें विपक्षी दलों के साथ चर्चा करनी चाहिए थी कि कौन सी पार्टी किसे भेजेगी।

#### कांग्रेस से नाम देने को नहीं कहा: रिजिजू

वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के दावों को खारिज करते हुए बताया कि प्रतिनिधिनमंडल भेजे जाने के बारे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सिर्फ शिष्टाचार के नाते जानकारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि हमने उनसे (कांग्रेस) कभी भी नाम देने को नहीं कहा। हमने कहा था कि उनकी पार्टी से उनके चार सहयोगी मिशन का हिस्सा होंगे। रिजिजू ने कहा कि हमने किसी पार्टी की अंदरूनी बातों और असुरक्षाओं को ध्यान में नहीं रखा। हमने सलमान खुर्शीद और पंजाब से उनके सांसद अमर सिंह को भी चुना।


6 माइल, सामपुर लाग -737102
गंगटोक, सिक्किम, भारत
फोन-03592-251212, 251415, 251656
टेलीफैक्स-251067
वेबसाइट- www.cus.ac.in

सिक्किम विश्वविद्यालय
SIKKIM UNIVERSITY

6" Mile, Samdur, Tadong-737102
Gangtok, Sikkim. India
Ph. 03592-251212, 251415, 251656
Telefax: 251067
Website: www.cus.ac.in

(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित और नेक (एनएएसी) द्वारा वर्ष 2015 में प्रत्यावित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A central university established by an Act of Parliament of India in 2007 and accredited by NAAC in 2015)

SU/REG/Acad/F-1/13/2025/Vol-1/
दिनांक : ......05.2025

प्रवेश सूचना

सिक्किम विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निम्नलिखित विभागों में प्रमाणपत्र, स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर ((पीजी) और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा करता है।

1.
2. मानवशास्त्र (एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
3. भूटिया (एमए)
4. वनस्पति विज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
5. रसायनिकी (एमएससी, पीएच.डी)
6. चीनी (प्रमाणपत्र, एफ़वाईयूजी, एमए, पीएचडी)
7. वाणिज्य (एम. कॉम, पीएच.डी)
8. कंप्यूटर अनुप्रयोग (एमसीए, पीएच.डी)
9. अर्थशास्त्र (एमए, पीएच.डी)
10. शिक्षा (एमए, एम.एड, पीएच.डी)
11. अंग्रेजी (एमए, पीएच.डी)
12. भूगोल (एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
13. भूविज्ञान (एम.एससी और पर्यावरण विज्ञान में एम.एससी/पीएच.डी
14. हिंदी (एफ़वाईयूजी, एमए)
15. इतिहास (एमए, बौद्ध अध्ययन में एमए, पीएच.डी)
16. उद्यानिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
17. अंतर्राष्ट्रीय संबंध (एमए, पीएच.डी)
18. विधि (एलएलएम)
19. लेपचा (एमए)
20. पुस्तकालय विज्ञान (एम.एल.आई.एस
21. लिम्बू (एमए)
22. प्रबंधन (एमबीए, पीएच.डी)
23. जनसंचार (एमए, पीएच.डी)
24. गणित (एम.एससी, पीएच.डी)
25. सूक्ष्म जीवविज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
26. संगीत (एफ़वाईयूजी, एमपीए, पीएच.डी)
27. नेपाली (एमए, पीएच.डी)
28. शांति एवं द्वंद्व अध्ययन एवं प्रबंधन (एमए, पीएच.डी)
29. भौतिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
30. राजनीति विज्ञान (एमए, पीएचडी)
31. मनोविज्ञान (एफ़वाईयूजी, एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
32. समाजशास्त्र (एमए, पीएच.डी)
33. पर्यटन (एमटीटीएम, पीएच.डी)
34. प्राणीविज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)

सिक्किम विश्वविद्यालय में प्रमाणपत्र, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी अंक अनिवार्य है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हेतु लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://www.cus.ac.in पर 22 मई 2025 से 15 जून, 2025** (मध्य रात्रि तक) तक उपलब्ध रहेगा (प्रमाणपत्र और स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी परिणामों के विलंब से प्रकाशन के कारण पंजीकरण तिथियों में होनेवाले कोई भी बदलाव विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा)। पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **(https://www.cus.ac.in)** पर 21 मई 2025 से 15 जून 2025 (मध्य रात्रि तक) तक उपलब्ध रहेगा।
प्रवेश के लिए पात्रता, सीटों की संख्या, प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश कैलेंडर, शुल्क संरचना, पीएचडी के लिए साक्षात्कार की तिथि के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यक्रम विवरणिका को देखने की सलाह दी जाती है।

हस्ता
कुलसचिव

CBC 21318/12/0002/2526


# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जहां दुनिया भर से शरणार्थियों को रखा जा सके : सुप्रीम कोर्ट

## श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें। सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

#### याचिकाकर्ता तमिल युवक को अपने देश में जान का खतरा

2018 में एक ट्रायल कोर्ट ने तमिल युवक को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई। 2022 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने उसकी सजा को घटाकर सात साल कर दिया। हालांकि, सजा पूरा होते ही उसने श्रीलंका वापस जाने से मना कर दिया। उसने दलील दी कि श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है इसलिए उसे भारत में शरणार्थी के तौर पर रहने की इजाजत दी जाए। उसने ये भी बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे भी भारत में ही हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (डब्ल्यू.पी.2024-25) (ग्रुप-1) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 5 अदद रोड को चौड़ा करना / मजबूतीकरण, आईपीबी / पीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. जोधकां से डींग मोड़ तक रोड पर पीसी / चौड़ा करना / मजबूतीकरण (रोड आईडी 11586), 2. कंवरपुरा अप्रोच रोड से कि.मी. 0 से 1.80 तक रोड पर आईपीबी / पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5983), 3. ढाणी शरवण सिंह कि.मी. 0 से 0.50 तक रोड पर आईपीबी / चौड़ा करना और मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 5872), 4. सम्पर्क रोड से बोदीवाली कि.मी. 0.00 से 4.30 तक रोड पर 200 मिमी पीसी और आईपीबी का प्रावधान (रोड आईडी 5864), 5. शेरपुरा से साहुवाला 2. कि.मी. 0.00 से 3.34 तक रोड पर आईपीबी / पीसी, चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 9608) + 1 कार्य। | 14.05.2025 26.05.2025 | 953.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव गतोली में राजकीय पशु चिकित्सालय (जोवीएच) का पुनर्निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.05.2025 | 273.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | सनोली रोड (ओपी) एस/डिवीजन सिटी पानीपत में वंदे मातरम चौक से बबैल नाका एलएचएस तक रोड को चौड़ा करने की वजह से 11 केवी और एलटी लाइन की शिफ्टिंग + 1 कार्य। | 16.05.2025 26.05.2025 | 273.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | खेल विश्वविद्यालय हरियाणा, राई, जिला सोनीपत में स्वीमिंग पुल में ईआई की विशेष मरम्मत का प्रावधान + 3 कार्य। | 19.05.2025 26.05.2025 | 50.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रेवाड़ी | रानोली – खण्ड बावल जिला रेवाड़ी में शमशान घाट (शिव धाम) तक आईपीबी रास्ता का निर्माण | 16.05.2025 21.05.2025 | 48.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | गांव कौल खण्ड ढाण्ड में खण्ड जन स्वास्थ्य इकाई का निर्माण। | 16.05.2025 23.05.2025 | 41.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव खातीवास खण्ड व जिला चरखी दादरी में सामुदायिक केन्द्र (350 व्यक्तियों) का निर्माण। | 16.05.2025 21.05.2025 | 8.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर खण्ड निसिंग में एडब्ल्यूसी को पूरा करना + 3 कार्य। | 17.05.2025 05.06.2025 | 15.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 100000 से 130750 – टेल तक रोड़ी घग्गर ड्रेन और इसकी सहायक ड्रेन्स की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.05.2025 | 15.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 10 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल के लिए सामान्य कचरे के संग्रहण और निपटान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 22.05.2025 06.06.2025 | ईएमडी 28000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/200/34894/I/88/6 दि. 19.05.25

## भारतीय सेना ने जारी किया ऑपरेशन 'सिंदूर' का एक और वीडियो

# भारत ने खोली पोल तो सकपका गया पाकिस्तान बोला- शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का वीडियो जारी किया, जिसमें पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही गई है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें भारतीय सेना ने दुश्मन पोस्ट को नष्ट कर दिया था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जब एक-एक करके पोल खोलनी शुरू की तो पाकिस्तान सकपका गया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय मीडिया के उन दावों को निराधार बताया है जिसमें कहा गया कि ऑपरेशन बनयान अल-मर्सूस में शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल किया।

मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'ये दावे भारतीय सेना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से वीडियो जारी करने के बाद शुरू हुए, जिसमें कथित तौर पर शाहीन मिसाइल का उपयोग दिखाया गया था। जब यह साफ हुआ कि दावा गलत था तो भारतीय सेना ने भ्रामक वीडियो को हटा दिया। मगर, तब तक भारतीय मीडिया के कुछ हिस्सों ने बिना



सत्यापन के इस कहानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर दिया।' बता दे कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों सहित नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने की आशंकाएं थीं, जिनमें अमृतसर का स्वर्ण मंदिर सबसे प्रमुख था। इसका मुकाबला भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणालियों से करके अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया।

### पाकिस्तान ने लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर किया था हवाई हमला

*15 इन्फेंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने बताया कि हमने स्वर्ण मंदिर को एक समग्र हवाई रक्षा कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक वायु रक्षा संपत्ति जुटाई। 8 मई को तड़के अंधेरे में पाकिस्तान ने मानव रहित हवाई हथियारों में मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। हम पूरी तरह से तैयार थे, हमें पहले से ही इसकी आशंका जताई गई थी। मेजर जनरल शेषाद्री ने कहा कि भारतीय सेना पेशेवर बल है, जिसने गंभीर उकसावे के बावजूद हमेशा एक संतुलित और मापा हुआ तरीके से जवाब दिया है। हमने सटीक हथियारों के साथ केवल आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया, ताकि कोई नागरिक क्षति न हो, इस तथ्य को पाक सेना ने भी ऑपरेशन के दौरान स्वीकार किया है।*

### सेना ने नाकाम की 'स्वर्ण मंदिर' पर पाक मिसाइल, ड्रोन से हमले की कोशिश

*नई दिल्ली(ब्यूरो.)। पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी। जिसे भारतीय सेना ने अपनी मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली के जरिए तुरंत नाकाम कर दिया था। यह जानकारी सोमवार को सेना की 15वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल कार्तिक.सी.शेषाद्रि ने दी। साथ ही सेना ने एक डेमो के जरिए यह बताया कि कैसे उसने 7 और 8 मई की दरमियानी रात पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। 22 अप्रैल को टीआरएफ के आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। बताते चलें कि पाकिस्तान ने भारत पर किए गए अपने हमले में तुर्किये के ड्रोन और चीन की मिसाइलों का प्रयोग किया था।*

## खबर संक्षेप

### ट्रेन टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को सलाम करती पीएम की तस्वीर

**नई दिल्ली।** ट्रेन टिकटों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नायकों को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल सैनिकों की वीरता के सम्मान के लिए है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि टिकटों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर का उपयोग करने के अलावा, सभी मंडल और जोन रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करके ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, ''माननीय प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को सलाम कर रहे हैं।

### बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही फ्लाइट

**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टॉयलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था। इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है।पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी।



### स्थायी कमीशन : महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करे केंद्र : अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केंद्र को अल्पकालिक सेवा आयोग (शॉर्ट सर्विस कमीशन) की महिला सैन्य अधिकारियों को छह अगस्त की अगली सुनवाई तक सेवा मुक्त नहीं करने का अंतरिम निर्देश उन सभी अधिकारियों पर लागू होगा, जिन्होंने स्थायी कमीशन दिए जाने से इनकार को शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण में चुनौती दी है। पीठ ने कहा, मामले में सुनवाई स्थगित नहीं की जाएगी। सभी मामलों को अंतिम सुनवाई के लिए एक साथ रखते हुए पीठ ने पहले कहा था कि वह छह और सात अगस्त को सबसे पहले सेना के मामलों की सुनवाई करेगी।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों से की बातचीत

# भारत और नीदरलैंड-यूरोपीय संघ को और अधिक जुड़ाव बढ़ाना चाहिए: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ एम्सटर्डम

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज सोमवार को नीदरलैंड के द हेग शहर में रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने भारत-नीदरलैंड और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के नए युग में और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "द हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के इस युग में भारत और नीदरलैंड-यूरोपीय संघ को और अधिक जुड़ाव बढ़ाना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों 19 से 24 मई तक के आधिकारिक विदेश दौरे पर हैं, जिसमें वे नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा कर रहे हैं। इस दौरे में वे इन तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

तीनों देशों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई

19 से 24 मई तक विदेश दौरे पर हैं जयशंकर



### रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई

विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत और नीदरलैंड के बीच 75 वर्षों से अधिक पुराने राजनयिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी मजबूत है और उच्चस्तरीय आपसी आदान-प्रदान ने इस बहुआयामी संबंध को नई दिशा दी है। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री की जर्मनी यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब फ्रेडरिक मर्ज ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के नए चांसलर का पदभार संभाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है।

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे ने हमले की कड़ी निंदा की

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इन तीनों देशों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई। वहीं डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इस हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों व उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत और डेनमार्क के बीच संबंध ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक मूल्यों और "ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप" पर आधारित हैं, जो दोनों देशों के बीच जलवायु परिवर्तन और हरित विकास को लेकर साझा उद्देश्य को दर्शाते हैं। विदेश मंत्री की यह यात्रा भारत के तीन प्रमुख साझेदार देशों के साथ रणनीतिक, आर्थिक और वैश्विक सहयोग को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाक का हंगामा

# जवाब में एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया




### दूतावास ने कहा ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

एजेंसी ▶▶ लिस्बन

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

### बॉर्डर पार किए बिना भारत ने पाक में 9 आतंकी कैंप नष्ट किए

*पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर पाक में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने भी हमला किया, लेकिन भारत की मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने लगभग हर पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को बेअसर कर दिया।*

## कोविड को लेकर थाईलैंड में अलर्ट जारी

# एशिया में बढ़ा कोरोना, सिंगापुर में 14 हजार नए केस मिले

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

एशिया के सिंगापुर, हॉंगकॉंग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। हॉंगकॉंग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स



एलएफ 7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# पर्यावरण मंजूरियों को तर्कहीन, विकास के सिद्धांतों के खिलाफ बताकर किया रद्द

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के पर्यावरणीय मंजूरी के समूचे फार्मूले को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए अवैध ठहरा दिया। पॉलिसी के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला मील का पत्थर साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट यानि सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2017 में जारी नोटिफिकेशन और 2021 के ऑफिस मेमोरेंडम (ओएम) को रद्द कर दिया गया। ये दोनों उपाय उन परियोजनाओं को पूर्व-प्रभावी (एक्स-पोस्ट फैक्टो) पर्यावरणीय मंजूरी देने की अनुमति देते थे, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अनिवार्य पूर्व



पर्यावरणीय मंजूरी (प्रायर एनवायरनमेंटल क्लीयरेंस) के बिना शुरू हो चुकी थीं। न्यायालय ने इन मंजूरियों को तर्कहीन और अवैध करार दिया और इन्हें सतत विकास के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। न्यायालय ने कहा कि 2017 का नोटिफिकेशन केवल उन उल्लंघनकर्ताओं को बचाने के लिए बनाया गया था, जिन्होंने जानबूझकर पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के तहत अनिवार्य मंजूरी नहीं ली।

# रूस और यूक्रेन युद्धविराम वार्ता 'तत्काल' शुरू करेंगे : ट्रंप ने पुतिन से बातचीत के बाद कहा

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से दो घंटे से अधिक समय तक फोन पर बातचीत के बाद कहा कि रूस और यूक्रेन युद्धविराम वार्ता ''तत्काल'' शुरू करेंगे। उन्होंने पुतिन के साथ फोन पर हुई बातचीत को ''शानदार'' बताया। ट्रंप ने युद्धविराम की दिशा में प्रगति की उम्मीद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से भी बात की। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''इसके लिए शर्तों पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत होगी क्योंकि वे बातचीत का विवरण जानते हैं।'' इससे पहले दिन में, व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस युद्ध की स्थिति को लेकर 'निराश' हैं और उन्होंने यूक्रेन-रूस के बीच युद्धविराम की दिशा में प्रगति की आस के साथ पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग बात करने की योजना बनायी है। पुतिन ने इस कॉल के बाद कहा कि मॉस्को यूक्रेन में लड़ाई को समाप्त करने की दिशा में काम करने के लिए तैयार है।

*दोनों नेताओं ने करीब दो घंटे तक की फोन पर बात, युद्ध विराम को लेकर चर्चा*

## पर्दे के पीछे चीन की साजिश

# चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद, भारतीय थिंक टैंक का खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।

### दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका



*कुमार ने कहा कि भारत को पहले भी दो मोर्चों पर लड़ाई की आशंका थी, लेकिन अब जिस तरह से चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, उससे यह आशंका और बढ़ गई है और भारत भी अब इस दिशा में योजना बना रहा है। कुमार ने कहा कि जब तक हालात बेहद संवेदनशील न हो, तब तक चीन के पाकिस्तान की मदद करने की आशंका कम ही है, लेकिन अगर भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान जरूर चीन के समर्थन में उतर सकता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत की सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई की योजना बना रही थी, उसी 15 दिन के अंतराल के बीच चीन ने पाकिस्तान को अपने उपग्रहों की मदद दी थी ताकि भारत के हथियारों की तैनाती का पता चल सके।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25